इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 254 | राजनांदगांव, शुक्रवार 01 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## ट्रम्प ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया: कहा- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या

### रूस बोला- अमेरिका के राष्ट्रपति घबराए

वॉशिंगटन। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव ने कहा अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति घबरा गए हैं।



एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है- जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा।

#### ट्रम्प को 'डेड हैंड' की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए

रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव ने ट्रम्प को जवाब देते हुए टेलीग्राम पर लिखा- ट्रम्प को 'डेड हैंड' की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं, तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। डेड हैंड रूस का एक पुराना न्यूक्लियर हथियार कंट्रोल सिस्टम है, जो देश की लीडरशिप खत्म होने पर भी जवाबी हमला कर सकता था। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल बोले - ट्रम्प ने सही कहा कि इंडियन इकोनॉमी मर चुकी : इसे मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लोकसभा के स्थगित होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने ट्रम्प के बयान पर बात की।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है।

राहुल ने गुरुवार को कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है। राहुल का यह बयान ट्रम्प के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुझे फर्क नहीं पड़ता कि रूस और भारत अपनी डेड इकोनॉमी को कैसे संभालते हैं। दरअसल बुधवार को अमेरिकी ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। इसके बाद से ही कांग्रेस समेत कई पार्टियों से जुड़े लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

#### राहुल ने लिखा- मोदी ने अर्थव्यवस्था को मारा

राहुल गांधी ने अपने एक्स पर पोस्ट किया- भारत की इकोनॉमी मर चुकी है। इसे मोदी ने मार दिया। 1. मोदी-अडाणी की पार्टनरशिप 2. नोटबंदी और खामियों वाला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप के डेड इकॉनामी वाले बयान पर पीयूष गोयल बोले- भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत को डेड इकॉनमी बताने और 25 परसेंट टैरिफ लगाने पर बयान दिया. संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पीयूष गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ किसी भी व्यापारिक समझौते को आगे बढ़ाते हुए अपने राष्ट्रीय हित की भी रक्षा करेगा. राष्ट्रपति ट्रंप के भारत की अर्थव्यवस्था को मरी हुई अर्थव्यवस्था कहकर तंज कसने पर भी केंद्रीय उद्योग मंत्री ने संसद में टिप्पणी की है. ट्रंप के तंज पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था जीडीपी के आधार पर जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी. उन्होंने यहा भी कहा कि भारत इस वक्त दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है.



#### एक दशक से कम समय में 11वीं से 5वीं अर्थव्यवस्था बना भारत- गोयल

पीयूष गोयल ने कहा, भारत एक दशक से भी कम समय में दुनिया के सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था की सूची से निकलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना गया है. हम देश के किसानों, मजदूरों, MSMEs और व्यवसायियों की कड़ी मेहनत के बल पर 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया के टॉप-5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए और यह भी उम्मीद है कि अगले कुछ ही सालों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे.

उन्होंने कहा, आज दुनियाभर की अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्जवल स्थान के तौर पर देख रहे हैं. गोयल ने कहा, सरकार हाल में हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप के टैरिफ से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बड़ी राहत, दो हफ्ते नहीं होगा लागू

नई दिल्ली। भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले प्रस्तावित टैरिफ से फिलहाल दो हफ्तों की राहत मिली है। यह जानकारी सरकारी और उद्योग से जुड़े सूत्रों ने दी है। ये राहत इसलिए मिली है क्योंकि एक अहम सेक्शन (धारा 232) की समीक्षा अभी बाकी है, जो भारत और अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय बातचीत का हिस्सा है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि 1 अगस्त से भारत से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगाया जाएगा। इसके अलावा, भारत की तरफ से रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए भी एक अलग जुर्माना तय की जाएगी, जिसकी अभी घोषणा नहीं की गई है। धारा 232 अमेरिका का एक व्यापार कानून है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर कुछ उत्पादों पर विशेष शुल्क लगाने की अनुमति देता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और तकनीकी सामान भी शामिल हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, धारा 232 की समीक्षा दो हफ्ते बाद होगी। पहले जब अमेरिका ने 10 प्रतिशत बेसिक ड्यूटी लगाई थी, तब भी तकनीकी उत्पादों को इस समीक्षा के चलते छूट दी गई थी। अभी की स्थिति में भी यही उम्मीद है, लेकिन दो हफ्ते बाद क्या होगा, यह कहना मुश्किल है। भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है, खासकर मोबाइल फोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर और आईटी हार्डवेयर सेक्टर पर इस टैरिफ का सीधा असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ये शुल्क लागू होते हैं तो इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिका में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता कमजोर हो सकती है। मेक इन इंडिया के तहत बनने वाले उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्वीस बैंक में जमा धन बाबत : संसद में प्रश्न भारतीयों की जमा राशि तीन गुना बढ़कर 37,600 करोड़ हो गई

नई दिल्ली (सं.न्यू.)। स्वीस बैंकों में भारतीयों के कितने रूपए जमा है ? यह विषय हमेशा चर्चित रहा है। संसद में भी प्रश्नों के रूप में मुद्दा उठता रहा है। स्वीस बैंक में भारतीयों की जमा राशि तीन गुना बढ़ गई।

यह राशि अब 37,600 करोड़ हो गई है? क्या इसमें काला धन शामिल है? वर्ष 2022 से अभी तक विदेशों में से कितना काला धन वापस आया? ऐसे प्रश्न संसद में उठते ही रहते हैं। केन्द्र सरकार ने मीडिया के खबरों को ध्यान में रखकर स्वीस बैंकों में जमा राशि पर जानकारी दी कि वर्ष 2024 में जमा राशि पर बताया कि वर्ष 2024 में स्वीस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि बढ़ी है। राज्यसभा के सदस्य जावेद अली खान द्वारा पूछे गए प्रश्नों का लिखित जवाब देते हुवे वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि, स्वीस नेशनल के आंकड़े कई मीडिया की खबरों के अनुसार वर्ष 2024 में स्वीस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि गत वर्षों की तुलना में बढ़ी है। मार्च 2025 तक 1021 प्रकरणों में 35,105 करोड़ से अधिक की राशि का टैक्स वसूला गया।

## एनआईए कोर्ट का बड़ा फैसला: मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी सात आरोपी बरी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया।



यह घटना महाराष्ट्र के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मालेगांव शहर में हुए विस्फोट के लगभग 17 साल बाद हुई है जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

मामले में 8 मई 2025 को फैसला बना था, लेकिन बाद में इसे 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। अब, कोर्ट ने आखिरकार अपना फैसला सुना दिया।

#### मालेगांव में क्या हुआ था?

29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में एक मोटरसाइकिल में तेज धमाका हुआ था। ब्लास्ट में छह लोग मारे गए थे। 100 से ज्यादा घायल हुए थे। ब्लास्ट के पीछे हिंदू राइट विंग ग्रुप्स से जुड़े लोगों का हाथ होने की बात सामने आई थी। केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया। 2016 में एनआईए ने चार्जशीट दायर की।

#### 3 जांच एजेंसियां और 4 जज बदल चुके हैं

NIA ने 323 से ज़्यादा अभियोजन पक्ष के गवाहों से पूछताछ की। जिनमें से लगभग 40 अपने बयानों से मुकर गए। 7 आरोपियों पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका ने पाकिस्तान से ऑयल डील की: ट्रम्प बोले- क्या पता एक दिन पाक भारत को तेल बेचे

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ ऑयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

#### पिछले साल पाकिस्तान में तेल भंडार मिला

पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितंबर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने दिया बड़ा अपडेट, निर्वाचक मंडल की लिस्ट की तैयार

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने गुरुवार को बड़ा अपडेट दिया है। ईसीआई ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची तैयार कर ली है। चुनाव आयोग ने प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी है। आयोग ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग को उपराष्ट्रपति के चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों के साथ-साथ लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के नियम 40 के अनुपालन में, आयोग ने निर्वाचक मंडल की सूची तैयार की है, जिसमें सभी सदस्यों के नवीनतम पते भी शामिल हैं। यह सूची राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आधार पर वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित की गई है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग में सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने कहा कि यह सूची (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## दल-बदल को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सीजेआई गवई ने कहा- यह लोकतंत्र के लिए खतरा

नई दिल्ली। राजनीतिक दल-बदल का मुद्दा हमेशा से बहस का विषय रहा है। तेलंगाना विधानसभा में भी 10 विधायकों को दल-बदल के तहत अयोग्यता की मांग सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि यह दल-बदल को समय रहते खत्म नहीं किया तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। शीर्ष न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर को तीन माह के भीतर इस मामले पर फैसला लेने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, CJI जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि स्पीकर की भूमिका न्यायिक समीक्षा से परे नहीं है। अर्थात सदन में लिए गए या न लिए गए निर्णय को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है और कोर्ट उसे सुनकर निर्णय दे सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने राजेश पायलट, देवेंद्रनाथ मुंशी जैसे सांसदों के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## ब्रिटेन ने भारत को दमनकारी देशों की लिस्ट में डाला

#### खालिस्तानी संगठन का जिक्र किया, कहा- ब्रिटिश लोगों की आवाज दबाने की कोशिश हो रही

लंदन। ब्रिटेन की एक संसदीय समिति ने गुरुवार को दमनकारी देशों की एक लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत का भी नाम है। 'ट्रांस नेशनल रिप्रेशन इन द यूके' नाम की इस लिस्ट में 12 देश शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ विदेशी सरकारें यूके में रहने वाले लोगों को डराने और उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। कमेटी ने यूके में विदेशी सरकारों की एक्टिविटी को मानवाधिकारों के लिए खतरा बताया और ब्रिटिश सरकार से इस पर कार्रवाई करने की मांग की। भारत ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया।



0 रिपोर्ट में खालिस्तानी संगठन का जिक्र

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी सरकारों की तरफ से ब्रिटेन में रहने वाले लोगों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रिपोर्ट के साथ प्रकाशित सबूतों में भारत के मामले में आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफ जे) का जिक्र है। यह एक खालिस्तान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मानसून सत्र का 9वां दिन: ट्रंप के टैरिफ घोषणा पर उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का लोकसभा में बयान, कहा- हम देश के हित से समझौता नहीं करेंगे

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को 9वां दिन है। विपक्ष बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले को लेकर हल्ला बोल करेगा। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर सदन में चर्चा की मांग की थी। बता दें कि पिछले तीन दिन लोकसभा और राज्यसभा में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर बहस चली।



#### 21 अगस्त तक चलेगा संसद का सत्र

संसद सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। कुल 18 बैठकें होंगी। 15 से अधिक विधेयकों को सदन में पेश किए जाने की योजना है। स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के चलते 13 और 14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार 8 नए विधेयक लाएगी। 7 पहले से लंबित विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। जिन प्रमुख विधेयकों पर विचार किया जाएगा, उनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, आयकर विधेयक, और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक (नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल) शामिल हैं। मानसून सत्र के 7वें दिन मंगलवार (29 जुलाई) राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दोपहर 2 बजे शुरू हुई थी। रात 10 बजे तक बहसबाजी चली। वहीं लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार को बहस शुरू हुई थी। मंगलवार को बहस दूसरा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता संसद में अमित शाह की खरी-खरी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धांत बनाया। शाह ने संसद के उच्च सदन में दो टूक कहा कि मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। अमित शाह ने 26/11 के मुंबई हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लश्कर-ए-तैयबा के इस आतंकी हमलों को लेकर हिंदुत्ववादी संगठनों को दोषी ठहराने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## छत्तीसगढ़ में बिछेगा सड़कों का जाल, केंद्र ने राज्य की सड़क परियोजनाओं के लिए 600 करोड़ किए मंजूर

रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना को रफ्तार देने के लिए आज एक अहम कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की, जिसमें राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली।



बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 600 करोड़ रुपये की मंजूरी। इसके जरिए छत्तीसगढ़ में कई सड़कों के निर्माण और उन्नयन का रास्ता साफ हुआ है। इसके साथ ही स्टेट कैपिटल रीजन के अंतर्गत आने वाले दो लेन मार्ग को चार लेन में अपग्रेड करने की योजना को भी मंजूरी मिली है। रायपुर शहर की भीड़भाड़ को कम करने के लिए चार बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनका भूमि पूजन शीघ्र ही होगा। वहीं, राजधानी रायपुर से अन्य ज़िलों तक की सड़कें दो लेन से चार लेन में बदली जाएंगी, जिससे आवागमन तेजऔर सुरक्षित हो जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्य की सभी सड़क योजनाएं अब केंद्र के 'गति शक्ति पोर्टल' के जरिए भेजी जाएंगी, ताकि जल्द मंजूरी मिल सके। गडकरी ने रायपुर (आरंग)-बिलासपुर (दर्री) के बीच करीब 95 किमी लंबी छह लेन सड़क के लिए डीपीआर भेजने को कहा, जो औद्योगिक, कृषि और शैक्षिक क्षेत्रों को जोड़ेगी। साथ ही, नागपुर से रायपुर तक प्रस्तावित 300 किमी लंबा समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर भी शीघ्र डीपीआर मांगा गया है। इसके अलावा कुछ ज़रूरी योजनाओं को आज मंजूरी भी मिल गई। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 ए में उन्नयन कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में रेजिंग का कार्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में मजबूतीकरण के कुल 115.95 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली है। इनमें बिलासपुर शहर के भीतर 15 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शामिल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शहर के दोनों अंडरब्रिज बनने में हो रही देरी से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

## गौरी नगर रेल्वे फाटक पार करते नाले में गिरी कार, स्टेशन पारा ओवर ब्रिज में फंसी बस, यातायात हुआ जाम

राजनांदगांव। दैनिक दावा ने अपने पिछले अंक में खैरागढ़ रोड के रेल्वे ओवर ब्रिज में दुर्घटना रोकने के लिए बनाए जा रहें रोड डिवाइडर को परेशानी का कारण निरुपित होने वाला बताया था। कहा गया था कि यदि कोई उक्त ब्रिज में भारी वाहन बिगड़ा या अचानक बंद हुआ तो लंबा जाम लग सकता है जो लोगो की परेशानी का कारण बन सकता है। गुरुवार को दोपहर को यह सच होता दिखा।



ओवर ब्रिज में एक यात्री बस अचानक रुक गई जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया। लोग देर तक जाम में फंसकर छटपटाते रहे। इधर गौरीनगर रेल्वे फाटक के पास एक कार अनियंत्रित हो कर नाले में जा गिरी। गनीमत है कि चालक बाल-बाल बचा नहीं तो इस फाटक से आवाजाही करने वाले इसकी चपेट में आने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। शहर के उक्त गौरी नगर और स्टेशन पारा क्षेत्र में पिछले दो साल से बनने जा रहे अंडर ब्रिज के अब तक नहीं बन पाने की वजह से लोगों में खासा आक्रोश बना हुआ है।

### दोनों अंडर ब्रिज के बनने में हो रही बेवजह देरी

बता दें कि रेल को गति देने को बिना फाटक वाले रेल्वे क्रासिंग की योजना को अंजाम दिया जा रहा है। इस योजना के तहत राजनांदगांव में स्टेशन पारा और गौरी नगर में अंडर ब्रिज बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन इसकी गति इतनी मंथर और उबाऊ है कि इसका खमियाजा लोगों जान? दे कर चुकानी पड़ रही है। स्टेशन पारा क्षेत्र के रेल्वे ओवर ब्रिज में अब तक दर्जनों लोगों की जाने जा चुकी है। इस ब्रिज में हर पल बनने वाली जाम की स्थिति से 50 हजार की आबादी को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उपर से इस संकुचित ओवर ब्रिज में रोड डिवाइडर बना दिए जाने से लोगों के लिए एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। गुरुवार दोपहर को शहर के इस व्यस्ततम ओवरब्रिज में जागीरदार ट्रेवल्स की एक यात्री बस अचानक रुक गई। इससे ब्रिज के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। बताया जाता है कि बस के डीजल खत्म हो जाने व उसमें एयर आ जाने की वजह से वह वहां खड़ी हो गई। जो कि यातायात जाम का कारण बना रहा। यदि उक्त ब्रिज में रोड डिवाइडर नहीं बने होते तो लोग आसानी से आवाजाही कर सकते थे लेकिन रोड डिवाइडर बनने के कारण बामुश्किल बची 4 मीटर की जगह से आवागमन प्रभावित तो होना ही है। बहरहाल आज इस परेशानी से लोगों को दो चार होना पड़ रहा है।

### रेल्वे फाटक नाले में गिरी अनियंत्रित कार

रेल्वे अंडरब्रिज के अब तक नहीं बन पाने के कारण शहर के गौरीगंज रेल्वे फाटक के पास आज बड़ा हादसा होते होते बचा। बताया जाता है कि कार चालक जल्द बाजी में गौरी नगर रेल्वे फाटक पार कर रहा था। अचानक संतुलन बिगड जाने से कार सीधे नाले में जा गिरा। इस घटना के होते ही वहां लंबा जाम लग गया। स्कूल वाहन भी इस दौरान जाम में फंसे रहे। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से नाले में गिरी कार को निकलवाया। इस घटना में कार चालक बाल बाल बचा।बहर हाल शहर के दोनों अंडर ब्रिज के बनने में बेवजह हो रही देरी लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के चलते तो और भी इसके लगभग दो-तिन माह तक और भी बनने की गुंजाइश नहीं है।

# रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्रों का तुलसीदास जयंती पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में तुलसीदास जयंती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने तुलसीदास जी के जीवन और उनके साहित्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसे सुनकर निर्णायक मंडल और उपस्थित अतिथियों ने उनकी खूब प्रशंसा की।



**प्रतियोगिता के परिणाम-** प्रथम स्थान (ब वर्ग): आरची मिश्रा ने अपने असाधारण प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान (ब वर्ग): साक्षी रावटे ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान (अ वर्ग): वंशिका चौहान ने अपने ज्ञान और कौशल का परिचय देते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। विशेष स्थान (अ वर्ग): अनिरुद्ध चौबे ने अपने विशिष्ट प्रदर्शन से विशेष स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल और मुख्य अतिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन दर्शाता है कि बच्चे अपने विषय पर कितनी लगन से काम कर रहे हैं। इस उपलब्धि में श्रीमती अपर्णा वर्मा और वशिष्ठ वाडेकर सर का विशेष मार्गदर्शन रहा। इन छात्रों की सफलता से स्कूल परिवार, अभिभावक और शिक्षकगण सभी बेहद खुश हैं। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दिया।

# मोहल्ले में हो-हुडदंग करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हो-हुड़दंग कर रहे आरोपियों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह लंबे अरसे से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी एवं एक गिरफ्तारी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है गया है।



बसंतपुर थाना प्रभारी में साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर स्थायी/गिरफ्तारी वारंटी, असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कडी में गुरुवार 31 जुलाई को उनके नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत टीम गठित कर स्थायी/गिरफ्तारी वारंट की पतासाजी हेतु गठित किया गया था। गठित टीम द्वारा लंबे अरसे से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भूषण उइके पिता मनोज उइके उम्र 23 साल निवासी नंदई अखाडा कोठी हनुमान मंदिर के पास एवं गिरफ्तारी वारंटी अलोक यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 22 साल निवासी नंदई चौक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसी तरह थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांति भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले सुनील यादव पिता जयराम यादव उम्र 32 साल निवासी राजीवनगर वार्ड क्रमांक 42, सूरज भारद्वाज पिता मनोहर सिंह उम्र 25 साल निवासी क्लब चौक बसंतपुर को गिरफ्तार किया गया।

# गुम हुए तीन बच्चे महज 6 घंटे में बरामद, परिजनों को सौंपा

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र से गुम हुए बालको को पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर खोज निकाला है और उन्हें सकुशल उनके परिजनों के हवाले कर दिया।

बताया जाता है कि तुमड़ीबोड़ निवासी प्रार्थी कांता प्रसाद ने लालबाग थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 29 जुलाई की सुबह 9:30 घर से उसके बच्चे एंजल शाडिल्य उम्र 12 वर्ष, सुधीर शाडिल्य उम्र 08 वर्ष व प्रफुल शाडिल्य तीनों के पिता कांता प्रसाद उम्र 6 वर्ष, जो ग्राम तुमड़ीबोड़ अपने घर से बिना बताये कही चले गए है। शाम तक बच्चे घर नहीं आने पर प्रार्थी के पिता के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर बच्चों को आसपास के स्थान, रिश्तेदार, नाग बहारा मंदिर, पुराना घर, स्कूल में पता-तलाश किया गया, लेकिन किसी भी जगह नही मिलने पर तीनों बच्चों को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 350/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।



चौकी प्रभारी तुमडीबोड़ दिलीप पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर अपृहताओं का पता तलाश किया जा रहा था, जो कि अपहृत बच्चों का राजनांदगांव में रानीसागर दरगाह के पास अपने चाचा के घर होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ का एक टीम अपहृता बच्चों के पता तलाश हेतु रवाना किया गया। जो अपहृता बच्चे को ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत बच्चो को महज 6 घण्टे के भीतर बरामद कर लिया गया। उक्त बच्चे अपने घर से राजनांदगांव घुमने के लिए अपनी मर्जी से बिना किसी को बताये चले आए थे। उन बच्चों को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चों के परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को आभार व्यक्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी दिलीप पटेल, प्र.आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक चंद्रशेखर यादव, संजय यारदा, कमल नेताम तथा तुमड़ीबोड़ चौकी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## श्रीमती शांति बाई श्रीवास्तव का निधन

राजनांदगांव(दावा)। बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर 1 की निवासी श्रीमती शांति बाई श्रीवास्तव (85) का बुधवार शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 जुलाई गुरुवार को सुबह 10:30 बजे उनके हाल निवास से निकाली गई। इस दुःखद घड़ी में उनके परिवारजन और सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वे पत्रकार कर्णकांत श्रीवास्तव की नानी थी।






dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 1 से रोजाना 4 खेल
भव्य शुभारंभ
सन आफ सरदार 2
अजय देवगन, तृप्ति डिमरी, रवि किशन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-4-0
367-6 566-7
राजधानी
2-5-9
789-4 489-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इकबाल सिंह बग्गा आ. महेन्द्र सिंह बग्गा निवासी सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम अंशु सिंग को बदलकर इकबाल सिंह बग्गा आ. महेन्द्र सिंह बग्गा रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम इकबाल सिंह बग्गा आ. महेन्द्र सिंह बग्गा को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नये नाम इकबाल सिंह बग्गा आ. महेन्द्र सिंह बग्गा से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**इकबाल सिंह बग्गा**
आ. महेन्द्र सिंह बग्गा
निवासी सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रभजीत सिंग बग्गा आ. बुधसिंग बग्गा, निवासी मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम राजसिंह को बदलकर प्रभजीत सिंग बग्गा आ. बुधसिंग बग्गा रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम प्रभजीत सिंग बग्गा आ. बुधसिंग बग्गा को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नये नाम प्रभजीत सिंग बग्गा आ. बुधसिंग बग्गा से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**प्रभजीत सिंग बग्गा**
आ. बुधसिंग बग्गा,
निवासी मानव मंदिर चौक,
सिनेमा लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हितेंद्र बग्गा आ. जसबीर सिंग बग्गा निवासी मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम व्हिकी सिंग को बदलकर हितेंद्र बग्गा आ. जसबीर सिंग बग्गा रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम हितेंद्र बग्गा आ. जसबीर सिंग बग्गा को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नये नाम हितेंद्र बग्गा आ. जसबीर सिंग बग्गा से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**हितेंद्र बग्गा**
आ. जसबीर सिंग बग्गा
निवासी मानव मंदिर चौक,
सिनेमा लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.)

# पीएम किसान सम्मान निधि : जिले के 1 लाख से अधिक किसानों को मिलेंगे 22.61 करोड़ रूपए

**कल मनाया जाएगा पीएम किसान दिवस**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अगस्त को सुबह 11 बजे वाराणसी उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 5 हजार 252 किसानों को 22 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत केवल कृषि फार्म पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले देश के लघु, सीमांत तथा दीर्घ कृषकों को हर 3 माह में 2000 रूपए के साथ सालाना 6000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि उपज मंडी के समन्वय से जिला, ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने जिले के किसानों एवं नागरिकों से पीएम किसान दिवस के अवसर पर 2 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम से मोबाईल, लेपटॉप से ब्रॉडकास्ट लिंक https://pmindiawebcast.nic.in के माध्यम से शामिल होने अथवा निकटतम आयोजित कार्यक्रम स्थल में सहभागी बनने की अपील की है।

# नगर के अभिलाषा संस्थान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ संचालित शिक्षण, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में 31 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय, राजनांदगांव के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ओम प्रकाश साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चंद्रकिशोर लांडे और बाल संरक्षण अधिकारी, विनोद जंघेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और गणेश वंदना से हुआ।

संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रकिशोर लांडे ने बच्चों को बाल अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ओमप्रकाश साहू ने बच्चों के अधिकार और उनकी सुरक्षा से जुड़े नियमों व कानूनों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बच्चों से सीधे बातचीत करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए। अपने संबोधन में न्यायाधीश श्री साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पठन-पाठन की सामग्री प्रदान की गई।

संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सराहना संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष, संतोष कुमार बोदूदून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछात्रा सहित अन्य सदस्यों ने की। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य, श्रीमती वंदना तुरहाटे, शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई है।

# मनिहार बिरादरी का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव 14 सितंबर को, तैयारियां जोरों पर

**आज से चलेगा सदस्यता अभियान, राजनांदगांव में होगा मतदान**



राजनांदगांव (दावा)। छग सुन्नी मुस्लिम मनिहार (लखेर) बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 सितंबर को राजनांदगांव में होगा। चुनाव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। चुनाव निष्पक्ष और गुप्त मतदान के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। चुनाव समिति के संयोजक शकील अहमद ने बताया कि इस महत्वपूर्ण चुनाव के लिए नौ सदस्यीय समिति बनाई गई है। इसमें उनके अलावा हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, हाजी प्रो. आरिफ साहब दुर्ग, शेख अलीम बिलासपुर, मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर, मोहम्मद शफी राजिम, मोहम्मद हफीज वारसी राजनांदगांव, अनीश मनिहार रायपुर और मोहम्मद नौशाद बक्स महासमुंद शामिल हैं।

समिति ने चुनाव को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ को सात जोनों में बांटा है। जिसमें जगदलपुर जोन में सुकमा, दंतेवाड़ा, बचेली, नगरनार, बस्तर, भानपुर, धमतरी जोन में नगरी, बालोद, रायपुर जोन में नवागांव, भिलाई, भाटापारा जोन में बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव जोन में मोहला, डोंगरगांव, खैरागढ़, दुर्ग, अंडा, उतई, कांकेर, बिलासपुर जोन में पेंड्रा, गौरेला, कोटा, जांजगीर, सरगांव, उरतुम, देवरीडीह एवं महासमुंद जोन में राजिम, नवापारा राजिम, फिंगेश्वर, गरियाबंद शामिल है। चुनावी शेड्यूल में 1 से 22 अगस्त तक सदस्यता अभियान, 28 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन, 29-30 अगस्त को मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति, 2 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, 3 से 7 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए आवेदन जमा, 9 सितंबर को रायपुर में नाम वापसी, स्क्रूटनी और चुनाव चिन्ह आबंटन एवं 14 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान (राजनांदगांव में) शाम 4 बजे से मतगणना और परिणाम घोषित होंगे।

समिति ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हर तीन साल में एक बार कराया जाता है। इस बार भी पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाएगी। समाज के लोगों में चुनाव को लेकर भारी उत्साह है और सभी इसका हिस्सा बनने को तैयार हैं। चुनाव को लेकर प्रदेशभर के मनिहार समाज में जागरूकता और सक्रियता देखने को मिल रही है। यह न केवल नेतृत्व के चयन का अवसर है। बल्कि समाज की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की पहचान भी है।

### छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय
### मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 172803/निविदा सूचना क्र. 06/क्लेलि/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 30.07.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **20.08.2025** 17.30 तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखण्ड अन्तर्गत शिवनाथ व्यपवर्तन के मुख्य नहर आर.डी. 34580 मी. से 50550 मी. एवं 08 नग लघु नहरों (सिंघोला-3, ढोड़िया,धामनसरा-1 धामनसरा-2, जंगलेसर, कोटराभांठा-1, कोटराभांठा-2, पारीखुर्द) का लाईनिंग एवं पुनर्निर्माण एवं 100 नग स्ट्रक्चर का निर्माण/पुनर्निर्माण अर्थात मुख्य नहर के 08 नग माइनर हेड, 03 नग नॉन कन्ट्रोलिंग वियर, 10 नग व्ही.आर.बी. कम साईफन, 05 नग व्ही.आर.बी.,02 नग 1.50 मीटर फॉल, 01 नग 0.90 मीटर फॉल, 01 नग 0.60 मी. फॉल, 15 नग इनलेट (पाईप), 05 नग इनलेट (स्लैब) व्ही.आर.बी. के विंगवॉल, पैरापेट वॉल एवं स्लैब का मरम्मत एवं लघु नहरों में 04 नग 0.30 मीटर फॉल, 10 नग 0.45 मीटर फॉल, 06 नग 0.60 मीटर फॉल, 02 नग 1.20 मीटर फॉल, 02 नग 1.20 मीटर फॉल, 03 नग 0.90 मीटर फॉल, 14 नग व्ही.आर.बी. कम साईफन, 10 नग व्ही.आर.बी., 01 नग डी.सी. एवं मुख्य एवं लघु नहरों में 158 नग कुलापा का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 3034.05 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.08.205** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 252602518/2

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

# चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए मेगा शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन चेंबर और कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से व्यापारियों एवं आम जनता के लिए नए सिस्टम की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए सिंधु भवन लालबाग में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने रजिस्ट्रेशन का आवेदन किया और सुविधा का लाभ लिया। शिविर का उद्घघाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख एवं पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ मार्गदर्शक अर्जुनदास पंजवानी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग अधिकारी आनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

शिविर के उद्घघाटन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की दूरगामी सोच के कारण हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सिस्टम पूरे देश में लगाए जा रहे हैं। पूरी व्यवस्था व्यवस्थित होने के बाद एक और जहां गाड़ियों की चोरी में कमी आएगी साथ ही टोल प्लाजा में अतिरिक्त समय की बचत होगी। श्री पारख ने पूज्य सिंधी पंचायत के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और समाज की प्रशंसा भी की। भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने यातायात विभाग एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस अभियान की प्रशंसा की और लोगों को आवाहन किया कि इस शिविर का लाभ लेकर अपने को अपडेट कर लेवे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी एवं परिवहन प्रभारी आरटीओ आनंद शर्मा ने भी लोगों को संबोधित किया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद एवं महामंत्री अरुण डुलानी तथा हरीश मोटलानी ने बताया कि शासन के नए आदेशों के तहत 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत आज 412 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सर्वर डाउन होने के कारण 120 लोगों का रजिस्ट्रेशन संभव हो पाया। शेष लोगों का रजिस्ट्रेशन कल सिंधु भवन में होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, ज्ञानचंद बाफना, विनोद डढ़डॉ, हसमुख भाई रायचा, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, अमर लालवानी, महामंत्री अरुण डूलानी, मंत्री एवं व्यवस्था हरीश मोटलानी, संजय तेजवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, राजकुमार बाफना, भागचंद जैन, सुरेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मूलचंद भंसाली, नरेश बावरिया, रितेश लाल, सुनील बरड़िया, बलविंदर बग्गा, सुमित खंडेलवाल, प्रकाश वाधवानी, विजय कांकरिया, उत्तम गीड़िया, संजय चोपड़ा, आकाश चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में चेंबर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**सिंधु भवन में 412 लोग नंबर प्लेट रजिस्ट्रेशन के लिए जुटे**

### जनहित में शिविर एक दिन और बढ़ाया गया- अर्जुनदास पंजवानी

राजनांदगांव पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि आज 412 लोगों ने सिंधु भवन पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। परंतु कुछ लोगों का रजिस्ट्रेशन शेष है, इसलिए इस शिविर को कल भी सिंधु भवन में प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमें शहर के सभी व्यापारीगण इस योजना का लाभ ले सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारीयो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव भी विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डढढा ने एवं आभार प्रदर्शन अमर लालवानी ने किया।

# अपना विजन क्लीयर रखें तभी आप परीक्षा में पास होंगे - मुनि श्री वीरभद्र



**अजमेर से भारत भ्रमण पर निकली कलश यात्रा राजनांदगांव पहुंची**

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि परीक्षाएं तो होती ही रहती है, किंतु उन परीक्षाओं में भी अपने आपको शुद्ध मानसिकता में रखकर गुजारना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि अपना विजन क्लीयर रहना चाहिए। मुनि श्री आज जैन बगीचे के नए भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान जैन रामायण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में परीक्षाएं तो तय है और हमें इन परीक्षाओं को पास करना है तो हमें हमारा विजन क्लीयर रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा सामने वाले के प्रति टाइटल विजन क्लीयर रहता है, किंतु अपना टाइटल विजन क्लीयर नहीं होता। उन्होंने कहा कि अपना विजन क्लीयर करो और परीक्षा दो तो आप निश्चित ही सफल होगे।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि विजन क्लीयर नहीं होने की वजह से ही हम आशंकाओं-कुशंकाओं से घिरे रहते हैं। हम अपने अंदर की भावनाओं को जगाएं और ऐसा कर्म करें कि हमें आशंकाओं/ कुशंकाओं की स्थिति का सामना न करना पड़े। जैन संत श्री वीरभद्र के प्रवचन के बाद अजमेर से पूरे भारतवर्ष के भ्रमण पर निकली कलश यात्रा के साथ राजनांदगांव पहुंचा। सुभाष जी ने कलश यात्रा के भारत भ्रमण के उद्देश्य को बताया और कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव ही एकमात्र ऐसी जगह है। जहां दादा जिनदत्त सूरी का स्वर्गारोहण महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाता है और यहां अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं भी होती है। दादा जिनदत्त सूरी की जन्मभूमि अजमेर से हम कलश यात्रा लेकर निकले हैं। इस कलश में जो जितना द्रव्य सोना, चांदी, जेवरात आदि डाल सकें तो डाल दें। विनय कुशल मुनि, वीरभद्र (विराग) मुनि एवं अन्य मुनियों की सहमति से कलश को खोला गया। कलश के लाभार्थी नरेश डाकलिया, गौतम डाकलिया एवं डाकलिया परिवार के साथ ही पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज बैद एवं अन्य ट्रस्टियों ने कलश में चांदी के सिक्के डालें। इसके बाद उपस्थित श्रावकों ने भी कलश में अपनी क्षमता अनुसार द्रव्य डाले। इस कलश में रूपये-पैसे डालने से मना किया गया था। मंदिर ट्रस्ट में इसके लिए चांदी के सिक्कों की व्यवस्था की थी। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती




राजनांदगांव (दावा)। बीते 31 जुलाई गुरुवार को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के बलदेवबाग और जयस्तंभ चौक ब्रांच में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की 526वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत शाला संचालक नीरज बाजपेयी ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण करके की। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से संगीतमय श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक कंठस्थ हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता भी रखी गई थी। जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर नीरज बाजपेयी ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दोहों का महत्व समझाया। उन्होंने 'तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजत चहुं ओर...' दोहे का अर्थ बताते हुए कहा कि मीठे बोल बोलने से चारों ओर सुख का संचार होता है। उन्होंने छात्रों को तुलसीदास की तरह लगन से पढ़ाई कर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में एनबी-ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, कु. कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंह, श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और स्टाफ उपस्थित थे। यह जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।

# सफाई कर्मचारी दिवस पर आयुक्त ने किया सफाई कामगारों का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। सफाई कर्मचारी दिवस के अवसर पर नगर निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने महिला पुरूष सफाई कामगारों एवं सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी का शाल, श्रीफल एंव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने सफाई कर्मचारी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप लोग सुबह से शहर को साफ करने लगे रहते है। इसके लिए आप अपने घर की ठीक से सफाई नही कर पाते, क्योंकि आप लोगों को शहर की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के समय हम लोग अच्छा रैंक लाने बहुत उत्साह एवं लगन से कार्य करते है। यदि इसी लगन से आप सालभर कार्य करे तो इंदौर जैसे हमारा शहर हो जायेगा और स्वच्छता रैंकिंग में टॉप में स्थान पायेगे। हमारे 90 प्रतिशत कर्मचारी जिम्मेदारी से कार्य करते है। यदि 10 प्रतिशत कर्मचारी भी निष्ठा एवं लगन से कार्य करे तो हमारा शहर सबसे साफ और सुंदर होगा।

कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा ने सफाई कर्मचारी दिवस की सफाई कर्मियों को बधाई दिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कारण हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार प्लॉस्टिक का उपयोग प्रतिबंधित कर रही है। इसके लिए आप अभियान चलाकर कार्य करें, सड़कों में मलमा व बिल्डिंग मटेरियल रखने पर लोगों को समझाईस देकर हटावें, अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे, क्योंकि ये स्वच्छता में बाधक है। चूँकि शहर को साफ रखने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस कारण इन बातो का भी ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम में प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, सफाई कर्मचारी, यूनियन संघ के अध्यक्ष गोलू नायक सहित महिला, पुरूष सफाई कामगार उपस्थित थे।

# भाजपा पार्टी के विचार और जन-कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं - कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आज भाजपा तिलई मंडल के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोमल सिंह राजपूत ने पार्टी के विचारों और केंद्र तथा राज्य सरकार की सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री रविन्द्र वैष्णव और सौरभ कोठारी मौजूद थे। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर ने अपने स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि तिलई मंडल सभी कार्यों को जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तय समय-सीमा में बेहतर तरीके से पूरा करेगा।

मुख्य वक्ता के रूप में कोमल सिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारियों का परिचय लिया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य पार्टी के विचारों और सभी सरकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत, बूथ जीतो चुनाव जीतो' के नारे के साथ हम सबको मिलकर काम करना है और हर बूथ में जीत सुनिश्चित करनी है। इस बैठक में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी और रविन्द्र वैष्णव ने भी सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में मूलचंद भंसाली, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, सभापति साकेत वैष्णव, जनपद सदस्य मंजू चंदेल, जनपद सदस्य ललिता साहू, महामंत्री राकेश साहू, महामंत्री यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष शेखर यदु, नंदनी सेवता, टीका साहू, मंत्री हेमंत लहरे, ईश्वर साहू, सुनंदा मैथिलक्षत्री, शशिकला बंजारे, सहकोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, मीडिया प्रभारी डीगेंद्र सिन्हा, सोशल मीडिया संजय साहू सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे रसोईया और सफाई कर्मचारी




**छग संयुक्त कर्मचारी मोर्चा ने सरकार को दिया एक माह का अल्टीमेटम**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य के प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में काम करने वाले मध्यान्ह भोजन रसोइयों और स्कूल सफाई कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल के बाद सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानीं तो वे जल्द ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे। रसोइयों की मांग है कि उन्हें कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए। साथ ही उनकी नौकरी का नियमितीकरण और अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह लाभ भी मिले। इस आंदोलन को छग प्रदेश संयुक्त कर्मचारी मोर्चा और छग जागरूक शिक्षक संघ का भी समर्थन मिल रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने कहा कि यह कर्मचारी पिछले 20-25 वर्षों से बेहद कम मानदेय में काम कर रहे हैं। वर्तमान में रसोइयों को केवल 2000 रूपये और सफाई कर्मचारियों को 3000 रूपये तक की मासिक राशि मिलती है। आज के समय में जब एक परिवार का मासिक खर्च 8000 रूपये से 10000 रूपये के बीच है, ऐसे में इतने कम वेतन में गुजारा करना असंभव है।

रसोइयों और सफाई कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन, नियमितीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो, सामाजिक सुरक्षा लाभ (पीएफ, बीमा, पेंशन) भी दिए जाएं, सम्मानजनक वेतन देकर मनोबल बढ़ाया जाए। शिक्षकों के साथ-साथ रसोइया और सफाई कर्मचारी भी शिक्षा विभाग की रीढ़ हैं। एक ओर शिक्षक ज्ञान बांटते हैं। वहीं रसोइये बच्चों के लिए गरम और पौष्टिक भोजन बनाते है। जबकि सफाई कर्मचारी स्कूल की स्वच्छता बनाए रखते हैं। ये तीनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। संघ के अन्य पदाधिकारियों बीरेंद्र साहू, भोजराम साहू, शिवकुमार साहू, नरेंद्र तिवारी, रेखा पुजारी, मनीषा मिंज, हीरालाल विश्वकर्मा सहित 50 से अधिक सदस्यों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द इस मुद्दे पर निर्णय ले, ताकि ये कर्मचारी भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। अगर मांगे नहीं मानी गईं तो आने वाले समय में रसोइया और सफाई कर्मचारी आंदोलन को और तेज करेंगे।

# श्रावण मास में गुरुकृपा महिला मानस मंडली का रामायण पाठ



डोंगरगांव (दावा)। श्रावण मास के पवित्र अवसर पर नगर की गुरुकृपा महिला मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। भगवान भोलेनाथ और प्रभु श्रीराम एक-दूसरे के आराध्य हैं और सावन में उनकी एक साथ सेवा करना बेहद शुभ माना जाता है।

मंडल की महिलाएं हर साल सावन के महीने में रामायण पाठ का आयोजन करती हैं। पहले यह पाठ शिव मंदिर में होता था, लेकिन अब सुविधा के चलते श्रद्धालुओं के निवास पर किया जा रहा है। मंडली ने बताया कि रामायण पाठ का विश्राम श्रावण मास के अंतिम दिन यानी पूर्णिमा को होगा। इस अवसर पर मंडली के सदस्यों के लिए भोग प्रसादी और भंडारे का आयोजन भी किया गया है। इस मंडली में वीणा साहू, चंद्रकांति साहू, सरोज मानिकपुरी, मालती यादव, झमित राणा, कुसुमलता चिंदे, संगीता गुप्ता, धनेश्वरी साहू, श्यामकुंवर उर्वशा, पिंकी गुप्ता, निशा पंजवानी, अनुराधा शांडिल्य, रंजू रत्नाकर और अन्य महिलाएं शामिल हैं।

# जय भवानी व्यायाम शाला में नाग पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। जय भवानी व्यायाम शाला में हर साल की तरह इस वर्ष भी नाग पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर व्यायाम शाला के संचालक और अध्यक्ष अमित आजमानी ने इष्ट देव हनुमान जी और व्यायाम शाला के पुराने उपकरणों, मशीनों और वेटलिफ्टिंग सेट की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यायाम शाला के संरक्षक डोमन महोबिया, बब्ला यादव, अजय श्रीवास्तव, विवेक रंजन सोनी, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव शेख वसीम और बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता उपस्थित रहे।

अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि व्यायाम शाला में वर्षों से नाग पंचमी के अवसर पर पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। इस दिन यहां के वेटलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग के खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करते हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को व्यायाम शाला की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया जाता है। अतिथियों ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस व्यायाम शाला के कई खिलाड़ी अभ्यास करके जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। आजमानी ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रशिक्षकों, पदाधिकारियों, सदस्यों और खिलाड़ियों को बधाई दी।

इस मौके पर नीरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, नाहिद अख्तर, चोवाराम सोनकर, गणेश साहू, नोमेंद्र यादव, भावेश, रूपेश यादव, वेंकट रमन साहू, गोलू यादव, अजय कुलदीप, विष्णु यादव, वैभव देवांगन, मौलेश यादव, जयंत मंडावी और प्रीतम देवांगन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद थे। नाग पंचमी के अवसर पर खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति और मांसपेशियों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में रोशनी वाघेला, शुभम वाघेला, गोदावरी यादव, भूमिका यादव, नीलिमा साहू, किंचित सिन्हा, प्रिया यादव, अंकित श्रीवास, आतिफ खान, पीयूष यादव, वीर ठाकुर, वीरेंद्र यादव, जनेश विश्वकर्मा, लक्की सोनकर, कौसेन नवाज, संतोष साहू, लोकेश निर्मलकर, कुणाल यदु और गोपी यादव शामिल थे। यह जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला के सहसचिव अशोक श्रीवास ने दी।

# निगम के तीन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर आयुक्त ने दी गई भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारी क्रमशः लोककर्म में कार्यरत सुरेश यादव व मोटर विभाग में कार्यरत जगदीश राम साहू तथा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कामगार श्रीमती सुलोचना मनोज को निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त ने कहा कि सर्विसकाल में चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के कारण पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नही कर पाते। परिवार के किसी भी कार्य को करने में उनके सामने नौकरी आड़े आती है। किन्तु आज आप अपने शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे है, इसलिए अब अपने परिवारिक दायित्वों का बखुबी निर्वाहन करे। उन्होंने कहा कि आप लोगो ने विभाग में सौपे गये कार्यो का लंबे समय तक कुशलता पूर्वक निर्वाहन किए। इसके लिए मैं आप लोगों को बधाई देता हूॅ और अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करने उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके एवं सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ये कर्मचारी आज शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने लंबे समय तक अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया। यह हम सबके लिए अनुकरणीय है। बिदाई समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। बधई समारोह में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान : ईडी शिरीष सेलट ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा आयोजित वृक्षारोपण महोत्सव के तहत राजनांदगांव क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने शहर के मोहारा स्थित 33/11 के.वी. उपकेंद्र कैंपस में अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया। इस वर्ष 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में विभिन्न विद्युत कार्यालयों और संयंत्रों में 50,000 फलदार और छायादार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। राजनांदगांव क्षेत्र (राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम जिले) के लिए 2,605 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर ईडी श्री सेलट ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधे वितरित कर अपने घरों में भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान वास्तव में प्रकृति और मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका है। जिस तरह मां अपने बच्चों के जीवन को संवारती है, उसी तरह पेड़-पौधे भी जलवायु को सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि पौधे लगाना ही हमारा एकमात्र दायित्व नहीं है। बल्कि उनकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। श्री सेलट ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने परिसर में लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी सभी को सौंपी। इस अभियान के तहत आंवला, कटहल, कचानार, गुलमोहर, कैंथ, जामुन, करंज, अमरूद और नीम जैसे पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साहू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी धर्मशाला समिति डोंगरगढ़ के चुनाव जल्द सम्पन्न होंगे- लक्ष्मी नारायण अग्रवाल



डोंगरगढ़ (दावा)। अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी की मारवाड़ी धर्मशाला के चुनाव संभवतः अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में या सितंबर माह के प्रारंभिक सप्ताह में निपटा लिये जायेंगें। मारवाड़ी धर्मशाला में तीन श्रेणीयों में 11सदस्यों का चुनाव होना हैं। संरक्षण श्रेणी में 5, आजीवन श्रेणी में 3 एवं साधारण श्रेणी में 3 सदस्यों का चुनाव होना हैं।

जिसमें अग्रवाल, ओसवाल, एवं माहेश्वरी समाज के स्थानीय मतदाता भाग ले सकेंगें। वर्तमान में मारवाडी धर्मशाला के अध्यक्ष किशन अग्रवाल हैं। उन्होंने चुनाव कराने की जिम्मेदारी तीनों समाज के अध्यक्ष की उपस्थिति में लिखित रूप से दी हैं जिसका निर्वहन करते हुये यह चुनाव अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में करा लिये जायेंगें।

### चुनाव समिति का गठन

चुनाव सम्पन्न कराने हेतु एक समिति का गठन किया गया हैं जिसमें प्रमुख रूप से सिद्धगोपाल जी नरेठी, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, किशन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, संजय नरेठी, सुनील तापड़िया अध्यक्ष माहेश्वरी समाज, मनोज भंडारी अध्यक्ष ओसवाल समाज, मनीष दरगढ़ , प्रणय अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों के मार्गदर्शन में चुनाव सम्पन्न होगा। उक्ताशय की जानकारी अग्रवाल सभा के मंत्री महेंद्र अग्रवाल ने दी।

## अनमोल दावा

"सत्य एक डेबिट कार्ड है- पहले कीमत चुकाएं और बाद में आनंद लें। झूठ एक क्रेडिट कार्ड है- पहले आनंद लें और बाद में कीमत चुकाएं।

## सम्पादकीय

# आपरेशन महादेव याने आतंकवादियों का खात्मा

संसद में आपरेशन सिंदूर की चर्चा शुरू होते ही हमारी सेना ने काश्मीर में आपरेशन महादेव के जरिए पहलगांव हमले के मास्टर माइंड हाशिम मुसा सहित तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। आपरेशन महादेव अभी भी चालू है। क्यों कि, आतंकवादी दुर्गम पहाड़ियों में छिपे बैठे हैं। उस पहाड़ का नाम ''महादेव चोटी'' है। महादेव चोटी सेना के जबरवान रेंज में आती है। जहां आतंकवादी घरनुमा टेंट लगा कर रहते थे। वहां पहुंचने के लिए सेना को 12 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा था। पहाड़ की चोटी से नीचे साफ दिखाई देता था कि ऊपर कौन आ रहा है? लेकिन, ये हमारी सेना की चालाकी ही कहें कि वह ऊपर तक पहुंची उसका संदेह भी आतंकवादियों को नहीं हो पाया। सेना ने वहां पहुंचते ही आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया।

आतंकवादियों के पास से एके-47 मशीन गन्स और ग्रेनेड मिले। उनके पास सेटेलाइट फोन भी थे। ऐसी संभावना थी कि आतंकवादियों का दूसरा टारगेट अमरनाथ यात्रा थी। आतंकवादियों के पास चीनी निर्मित हाई फिकवंसी रेडियो उपकरण भी था। जिसके बारे में कहा गया है कि यह उपकरण सर्वलेन्स में पकड़ में नहीं आते। हमारी सेना को भी इसकी भलिभांति जानकारी थी। इस कारण, सेना ने सिग्लन पकड़ने के लिए जाल बिछाया था।

काश्मीर के पहलगांव के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल 25 को आतंकवादियों ने हमला करके 26 यात्रियों को गोलीबारी कर मार गिराया था। आतंकवादी हासिम मुसा इस हमले का मास्टर माइंड था। हाशिम के सिर पर 20 लाख का इनाम था। सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मुसा पूर्व में पाक सेना का प्रमुख था। जो पाक सेना के स्पेशियल सर्विस ग्रुप का हिस्सा था। सेना में से किन्ही कारणवश उसे बर्खास्त किया गया था। वहां से रूखसत होनें के बाद हाशिम मुसा लश्कर-ए-तोयबा के साथ जुड़ गया था। उसे खास काश्मीर में आतंकवादी हमले का कार्य सौंपा गया था। सितम्बर 2023 में कठुआ साम्बा बार्डर पर से उसने काश्मीर में घुसपैठ करने में कामयाबी मिली। उसने काश्मीर के पूंछ, बुड़गांव, बारामुल्ला इत्यादि के क्षेत्रों में अनेक हमलों को अंजाम दिया था। सेटेलाइट फोन की मदद से हाशिम मुसा पाकिस्तान में बैठकर अपने आकाओं के साथ सतत् संपर्क में रहता था। महादेव घाटी में हमारी सेना ने हाशिम मुसा के साथ दो आतंकवादी भी मारे गए थे। जिनके नाम जिबरान और हमजा अफगानी है। जिन तीन आतंकवादियों को सेना ने खत्म कर दिया है, उनके बाबत पाकिस्तान ने वाहियात बचाव किया है कि वे तीनों ही निर्दोष थे। भारत की सेना ने उन्हें पकड़ लिया था और मौका देखकर उनका एनकांउटर करके उन्हें पाकिस्तानी जाहिर किया। यह पाकिस्तान का बचकाना प्रयास उसकी मानसिक दरिद्रता का परिचायक है।

हमारे देश ने 5 अगस्त 2019 को मिला विशेष दर्जा खत्म करके जम्मू-काश्मीर और लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश घोषित किया है। उसके बाद, हमारी सरकार ने काश्मीर के विकास और शांति के लिए जो कदम उठाए थे, उससे पाकिस्तान तिलमिला उठा था। काश्मीर में व्याप्त शांति पाकिस्तान को बर्दाश्त नहीं हो रही थी। वह काश्मीर की शांति को छिन्नभिन्न करने का अनथक प्रयास करता रहा। हमारी सरकार ने काश्मीर में विधानसभा आयोजित की और काश्मीर को सरकार मिली। हमारी सरकार ने काश्मीर को पूर्ण दर्जा देनें का वायदा भी जनता से किया है। अब पहलगांव में आतंकवादी हमला हुआ, वहां पर्याप्त सुरक्षा नहीं थी। जिसका आतंकवादियों ने अनुचित फायदा उठाया। काश्मीर में भारत की सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के कारण आतंकवादियों को जमींदोज करने में सफलता प्राप्त हुई है। आतंक बददिमागी की उपज है। इसे ''खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे'' कह सकते हैं। सदैव पराजित होनें वाले पाकिस्तान की हताशा ही है कि वह आतंकियों के सहारे ''प्राक्सीवार'' पर चल पड़ा है। भारत का ''महादेव आपरेशन''आतंकवादियों को जमींदोज करके ही अपना ध्येय प्राप्त करेगा। भारत ने सिंदूर आपरेशन चलाकर पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में संदेश दिया है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं तो उसे इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं, आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने



**ललित गर्ग**



जब किसी वैश्विक ताकत के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाजी' और 'दबाव नीति' का औजार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व ब?ाने चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाजार में निरंतर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा। डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्टों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्टपति ने भारत पर टैरिफ ब?ाने और जुर्माना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं।

आज का भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब 'निर्भरता' की नीति से निकलकर 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाजारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकास के साथ विश्वास', और 'समान साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं। टैरिफ वार के उत्तर में मोदी की प्रतिक्रिया सकारात्मक ही होती हुई दिख रही है, वे ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों जैसे स्टील, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल को सरकारी सब्सिडी, टैक्स रियायत और तकनीकी समर्थन के जरिए बल दे सकते हैं। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे नए बाजारों में भारत अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए इस टैरिफ से उत्पन्न संकट को संतुलित कर सकता है।

ट्रंप भारत को अपना मित्र मानते हैं। लेकिन यह कैसी मित्रता है, जिसमें ट्रंप को भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है। लेकिन मोदी की विदेश नीति में भी 'अमेरिका के साथ मित्रता' है, लेकिन 'आत्मगौरव की कीमत पर नहीं'। वे संवाद और दृढ़ता-दोनों का प्रयोग करते हैं। दबाव की राजनीति से न तो भारत झुकेगा, न रुकेगा।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# ग्रंथ पुराने, संदर्भ नये : संत दुष्टों के प्रति भी स्वीकार्य सीमा तक सहनशील होते हैं


**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है.-

बंदउँ संत समान चित हित अनहित नहिं कोइ । अंजलि गत सुभ सुमन जिमि सम सुगंध कर दोइ॥ 6बालकांड दोहा 3 (क)8

इसका अर्थ है, मैं संतों को प्रणाम करता हूँ, जिनके चित्त में सम भाव है। जिनका न कोई मित्र होता है और न शत्रु । उदाहरण के लिए जिस हाथ ने फूल तोड़े और जिस हाथ ने उनको धारण किया; फूल उन दोनों ही हाथों को समान रूप से सुगंधित करता है।



सज्जन मनुष्य संसार में वंदनीय होते हैं। वे संसार में सभी तरह के मनुष्यों के प्रति सम्मान भावना रखते हैं। वे समदर्शी होते हैं। उनका व्यवहार किसी स्वार्थी या अवसरवादी व्यक्ति की तरह अपनी सुविधा को देखते हुए परिवर्तित नहीं होता। संत व्यक्ति एक साधारण व्यक्ति की तरह केवल स्वयं के लिए जीवन नहीं जीता और न उदासीन भाव से आत्मकेंद्रित ही रहता है। संत और साधारण मनुष्य में यही प्रमुख अंतर है कि साधारण मनुष्य की दृष्टि केवल ''मैं'' ''मेरा'' और ''मुझसे संबंधित'' तक ही सीमित रहती है। वह अपनी सुविधा के चौखटे से बाहर आना ही नहीं चाहता है। वहीं संत व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में अपने काम से काम मतलब रखने वाला व्यक्ति होते हुए भी आवश्यकता के अनुसार लोगों की सहायता को दौड़ पड़ता है। उसके भीतर जनकल्याण की भावना होती है। वह अपनी सामर्थ्य के अनुसार आगे बढ़कर लोगों का मार्गदर्शन करने या उनकी सहायता करने को उद्यत हो जाता है। संत के चित्त में समूची सृष्टि के प्रति मैत्रीभाव होता है। वह मित्रों का तो कल्याण करता ही है, शत्रुओं का भी अहित नहीं करना चाहता है। अगर शत्रु अपनी उद्दंडता से सीमा रेखा लाँघ जाए, तब वह उसे दंड देने से भी परहेज नहीं करता। वास्तव में, यह भी शत्रु को सुधारकर उसका कल्याण करना ही है।

## सामयिक चर्चा

### ट्रम्प की दोस्ती पैसे की

अखबार पढ़कर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज विचित्र किन्तु सत्य खबर -
अमेरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि
भारत हमारा दोस्त,
लेकिन एक अगस्त से
पच्चीस प्रतिशत टैरिफ लगेगा
और जुर्माना भी देना पड़ेगा।
तो यह कैसी दोस्ती है गजाधर!
आपका क्या कहना है इस पर?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी!
यह सच है कि अमेरिका के
राष्ट्रपति का पद होता है
बहुत बड़ा और बहुत भारी।
पर ट्रम्प सबसे पहले है व्यापारी।
तो उसमें है जबर्दस्त स्वार्थ बोध।
इसलिए उसने भारत पर निकाला
रूस का क्रोध।''
फिर क्षणभर रूककर, बोले गजाधर -
''ट्रम्प के टैरिफ ऐलान पर,
हमारी भारत सरकार ने
साफ कह दिया है-
देश के हितों की रक्षा के लिए
हर जरूरी कदम उठाएंगे।''
तभी गृहस्थ गिरधारी ने जोड़ा-
और पैसा-पैसा कहने
वाले ट्रम्प को
अपनी देश-भक्ति बताएंगे।''



**गिरीश बख्शी**

# 'माइक लाल डॉ. चंद्रकुमार' : एक अविस्मरणीय साहित्यिक व्यक्तित्व



**डॉ. शंकर मुनि राय**

डॉ. चंद्रकुमार जैन अगर आज हमारे बीच होते तो उनका पैंसठवां जन्मदिन मनाया जाता और इसी माह के अंत में उन्हें सेवानिवृत्ति की विदाई भी दी जाती। पर जैसा कि डॉ. शंकर मुनि राय लिखते हैं। ये सब अब केवल कल्पना मात्र रह गई हैं। पिछले साल 14 अक्टूबर को उनका अचानक हमारे बीच से चले जाना प्रकृति का एक हिस्सा अवश्य था, लेकिन राजनांदगांव की साहित्यिक दुनिया के लिए यह एक बहुत बड़ी क्षति है। डॉ. राय बताते हैं कि नगर के वर्तमान साहित्यिक फलक पर उनका योगदान केवल एक कवि या प्राध्यापक तक सीमित नहीं था। जो उन्हें जानते हैं। वे एक साथ कहेंगे कि वे एक प्रतिभाशाली डिबेटर, कुशल वक्ता, मंच संचालक और आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे।

दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में लगभग सोलह वर्षों तक डॉ. राय के विभागीय सहयोगी रहे जैन साहब का व्यक्तित्व अविस्मरणीय था। भाषा का सम्मान करने वाला उनके जैसा व्यक्ति मिलना सौभाग्य की बात है। सामान्य बातचीत हो या गंभीर विषय डॉ. जैन के बोलने का लहजा हमेशा एक समान रहता था। हर शब्द को उसकी प्रकृति के अनुसार सजाकर वाक्य को इतना सुंदर और प्रभावशाली बनाने की उनमें अद्भुत कला थी। एक वक्ता के रूप में उनके लिए श्रोता केवल श्रोता नहीं होता था। वह उनके मुख से उच्चारित शब्दों, विचारों और उनकी शैली को स्थायी रूप से संजोकर ले जाने वाला होता था। इतना ही नहीं जिसने उन्हें एक बार सुन लिया, वह उनका स्थायी श्रोता बन जाता था।



**आज डॉ. चंद्रकुमार जैन का जन्मदिन**

डॉ. जैन मंच के बादशाह थे। माइक पकड़ते ही उनमें एक ऐसी ताजगी आ जाती थी, जो उनकी वाणी द्वारा श्रोताओं तक पहुंचकर उन्हें तालियां बजाने पर मजबूर कर देती थी। इस बारे में वे हंसते हुए कहते थे कि लोग 'माई के लाल' होते हैं, मैं 'माइक लाल' हूं। वे किसी भी मंच पर बोलने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। डॉ. राय याद दिलाते हैं कि जैन साहब नौ विषयों में एमए कर चुके थे और अभी भी नए विषय के लिए तैयारी कर रहे थे। यही कारण है कि राजनांदगांव का कोई भी मंचीय आयोजन, चाहे वह सरकारी हो या सामाजिक, उनके बिना अधूरा लगता था। मंच पर चढ़कर घंटों बोलने वाले तो हजारों मिल जाएंगे, पर मंच पर सुनने के बाद एक मिनट में हजारों लोगों को सुनने के लिए विवश कर देने की अद्भुत वाककला तो सिर्फ डॉ. जैन में ही थी।

## कविता

### बरखा रानी

दमक रही है दामिनी, बजता रहा मृदंग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
बरखा रानी झूमती, रिमझिम मोती तान ।
बुझती धरती प्यास है, देखो मधु मुस्कान ।।
नद निर्झर गाने लगे, यौवन नयी तरंग।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
मोहित होकर प्रेम में, श्याम मेघ पे मोर ।
नृत्य करे वन में ध्वजी, करे कुहकते शोर ।।
गाते पावस ऋतु मधुर, गीत पपीहे संग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
किसलय आयी शाख में, देखो तरु श्रृंगार ।
दुल्हन सी सजने लगी, छाई प्रकृति बहार ।।
हरित ओढ़नी ओढ़ ली, वसुंधरा हर अंग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
तरुवर सारे नाचते, तृण-तृण पुलक अपार ।
चले पवन मदमस्त है, देता अपना प्यार ।।
फूल सुगंधित बाग में, खिलते रंग बिरंग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
उमड़-घुमड़ बरसे जलद, पानी मुसलाधार ।
हलधर हल धर कर चले, करे धरा श्रृंगार ।।
सस्य श्यामला भूमि हो, जीवन नई उमंग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।
दमक रही है दामिनी, बजता रहा मृदंग ।
बरखा रानी आ गई, लिए दृश्य नवरंग ।।



**डिकेश दिवाकर**

## राशिफल

**मेष** – आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, धन लाभ के नए स्रोत नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, आप से प्रतिस्पर्धा करने वालों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**वृष राशि** – आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। रोजगार में आपको बड़े मौके मिलेंगे, जिनका लाभ उठाकर आप बढ़िया धन कमायेंगे। किसी सोचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा।

**मिथुन** – आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन काम में लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहित जातकों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। आज आपके किसी काम को पूरा होने के बाद सहकर्मियों का आभार व्यक्त करना न भूलें।

**कर्क** – आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज सारा काम आपके हिसाब से होगा, आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज भाई बहनों के साथ मौज-मस्ती करेंगे, बाहर घूमने जायेंगे। आज स्वास्थ्य ठीक रहेगा, आपके जरूरी कार्य बनेंगे।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या** – आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके व्यापारिक मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। जीवनसाथी के साथ डिनर करने बाहर जायेंगे।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। छात्र आज अपनी पढ़ाई पर अच्छे से फोकस करेंगे, सीनियर्स का साथ मिलेगा। कपड़ा व्यापारियों को अधिक धन लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोतरी होगी, परिवार में सम्पन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको बढ़िया लाभ मिलेगा। आज नौकरी करने वाले लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन मिलने के चांस बन रहे हैं। पारिवारिक सुख सौहार्द बना रहेगा, संतान से सुख मिलेगा।

**धनु** – आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑटोमोबाइल कम्पनी में काम करने वाले व्यक्तियों को आज आर्थिक लाभ होगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, परिवार का सहयोग मिलेगा। आज ससुराल पक्ष से मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे। आज आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मकर** – आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी, कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज आप बाहर घूमने जायेंगे और कुछ नए दोस्त बनायेंगे।

**कुंभ** – आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज व्यापारिक गतिविधियों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज आप परिवार के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते है। आप जो भी काम करने की सोचेंगे।

**मीन** – आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख ङ्क सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। छात्र आज किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आज आपको खुशी मिल सकती है।

# रसोईया और सफाई कर्मचारियों की मांगे पूरी करें सरकार - कर्मचारी मोर्चा

छुरिया (दावा)। प्रदेशभर के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों में बच्चों के लिए दोपहर का गरमागरम भोजन तैयार करने वाले मध्याह्न भोजन रसोइया कर्मचारियों ने विगत तीन दिवस का हड़ताल कर अपना मानदेय बढ़ाने की मांग की है। तीन दिनों बाद हड़ताल को समाप्त कर राज्य सरकार को लगभग एक माह का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा है कि यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानी तो आने वाले दिनों में प्रदेश भर के रसोईया अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे।

छग प्रदेश संयुक्त कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश संयोजक एवं जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने स्कूल सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को जायज बताया है। मोर्चा एवं संघ के प्रदेश पदाधिकारीगण बीरेंद्र साहू, राजेंद्र लाड़ेकर, शिवकुमार साहू, प्रदेश महासचिव भोजराम साहू, गायत्री मंडलोई, महेश्वर कोटपरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव हरिशंकर पटेल, कमलेश कुमार भारती, प्रदेश प्रवक्ता, नरेंद्र तिवारी, केशव पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित कुमार पटेल, अमर दास बंजारे, रामसेवक पैकरा, राजेंद्र कुमार साहू, जगदीश साहू, दिनेश कुमार लहरे, देवेंद्र वर्मा, प्रमोद कुंभकार, दिनेश निर्मलकर, संतोष जैन, मनोज यादव, अभिषेक तिवारी, सुषमा प्रजापति, नारद सहारे, मुकेश दिवाकर, शंभूराम साहू, चंद्रशेखर सारथी, रेखा पुजारी, अरविंद पांडे, देवीदयाल साहू, फूलदेव गुप्ता, हीरालाल विश्वकर्मा, ज्वाला बंजारे, महेश शर्मा, बिमला लकड़ा, मंजू शर्मा, तुलसा मंडावी, नंदकुमार पटेल, रूलिका लकड़ा, नूरजहां खान, रूपेंद्र कुमार साहू, कोमल सिंह गुरु, तिलक खांडे, कुलदीप सिन्हा, कौशल्या कोले, शशिमा कुर्रे, विनोद सिंह राजपूत, मनीषा मिंज, कजला महिलांगे, कुलेश्वरी साहू, कैलाशचंद्र ठाकुर आदि ने संगठन की ओर से संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि मध्यान भोजन रसोईया एवं स्कूल सफाई कर्मचारी जो स्कूल शिक्षा विभाग के अभिन्न अंग है।

स्कूल शिक्षा विभाग में कर्मचारियों के तौर पर सभी स्कूलों में शिक्षक, बच्चों के लिए भोजन बनाने वाले मध्यान भोजन रसोईया, स्कूलों की साफ सफाई करने वाले कर्मचारी आदि की नियुक्त की है। यह तीनों कर्मचारी शिक्षा विभाग में एक दूसरे के पूरक हैं। किसी भी कर्मचारी के बिना स्कूल शिक्षा विभाग की कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि एक ओर जहां शिक्षक दिनभर बच्चों को सभी विषयों का अध्ययन अध्यापन कराते है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के स्कूलों में मध्याह्न भोजन पकाने का काम रसोइया भाई बहन करते हैं। जो बच्चों के लिए बढ़िया गरम भोजन तैयार करते हैं। बच्चों के दोपहर की भूख मिटाते हैं। ठीक इसी प्रकार स्कूल सफाई कर्मचारियों के द्वारा स्कूलों की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता है। शौचालय, टॉयलेट आदि की पूरी साफ सफाई की जाती है।

संगठन ने कहा है कि यह देखने और सुनने में आ रहा है कि विगत 20-25 सालों से अर्थात जब से यह कर्मचारी काम कर रहे हैं। तब से इनका मानदेय तीन चार सौ से लेकर पांच सौ, एक हजार, डेढ़ हजार तक ही हो पाया है। अभी रसोइयों को मात्र दो हजार रुपए की मासिक मानदेय मिलती है। इसी प्रकार स्कूल सफाई कर्मचारियों को लगभग तीन हजार रुपए की राशि मिलती है। चूंकि आज महंगाई का दौर है। इस दौर में सभी के बच्चों की पढ़ाई लिखाई, काफी, पुस्तक, दिनचर्या के रूप में सब्जी, भाजी, टमाटर, कपड़े, नून, तेल आदि सभी सामान की जरूरत पड़ती है।

कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश संयोजक जाकेश साहू ने बताया कि आज की तारीख में चार सदस्यों के एक न्यूनतम परिवार का किराना सामान का ही बिल के दो से तीन हजार रुपए का बन जाता है। कपड़े, जूते, चप्पल, दैनिक उपयोग की पुस्तक, सब मिलकर हर व्यक्ति का महीने में 8 से 10 हजार रुपए से अधिक खर्च हो जाता है। इन कर्मचारियों का मानदेय नहीं बढ़ाना अथवा इन पर ध्यान नहीं देना। यह एक बड़ा ही गंभीर समस्या है। संगठन ने मांग की है कि राज्य सरकार को मानवीय संवेदना का ध्यान रखते हुए मध्यान भोजन रसोईया एवं स्कूल सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाते हुए इन्हें कलेक्टर दर पर वेतन देना चाहिए। साथ ही सम्मानजनक वेतन इनको मिलनी चाहिए। ताकि यह भी सम्मान पूरक अपना जीवन यापन कर सके एवं मन लगाकर स्कूल का कार्य कर सके।

# प्रयत्न सामाजिक संस्था ने धूमधाम से मनाया श्रावणी महोत्सव




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्रयत्न सामाजिक संस्था द्वारा हाल ही में श्रावणी महोत्सव एवं सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और बेटियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एक साथ मिलकर त्योहार का आनंद उठाने का मौका देना था। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 15 वर्षों से महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खाद, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काम कर रही है। इसी कड़ी में महिलाओं के लिए यह विशेष श्रावणी महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने महिलाओं की भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि तीज पर मायके जाते समय भी उन्हें अपने घर की चिंता लगी रहती है, क्योंकि उन्हें ससुराल और मायके दोनों जगह की जिम्मेदारियां निभानी होती हैं।

### सावन सुंदरी और छत्तीसगढ़ी पोशाक प्रतियोगिता

समारोह के दौरान सावन सुंदरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें 10 सुंदरियों ने भाग लिया। निर्णायकों ने प्रथम स्थान के लिए रोशनी साहू, द्वितीय स्थान के लिए रागिनी खंडेलवाल और तृतीय स्थान के लिए लता दूध नाग को चुना। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी पोशाक को भी विशेष सम्मान दिया गया। जिसके लिए कुंजलता हरमुख को नवाजा गया। महिलाओं ने कार्यक्रम में लगाए गए सेल्फी पॉइंट और झूले का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने भी सभी महिलाओं को आने वाले रक्षाबंधन और तीज पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आरंभ भजन और गीत से हुआ। जिसमें श्रद्धा मानस मंडली चौकी और श्रद्धा सुमन मानस मंडली चौकी की बहनों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह में श्रीमती निर्मला वर्मा, श्रीमती बसंती आठवैया, श्रीमती दुग्गी साहू, गीता घासी साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस सफल आयोजन में कुंज लता हरमुख, मिथिलेश रंगारे, कल्पना साहू, सोनी मैडम (सीडीपीओ), शैल तिवारी, ईश्वरी धुर्वे (पार्षद), कविता यादव (पार्षद), रेखा गोस्वामी, लक्ष्मी ढोक सहित नगर की कई प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया। अंत में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने की बात कही।

## पहला कॉलम...

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर खैरागढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुएखैरागढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और सेक्टर अध्यक्षों की नियुक्तियां जारी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम करमतरा में मंडल और सेक्टर अध्यक्षों का मनोनयन किया गया। ये नियुक्तियां मंडल के प्रभारी रोहित पुलस्त्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य निलांबर वर्मा, और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाशदीप सिंह 'गोल्डी' की उपस्थिति में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से चंदन वर्मा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि खुमान वर्मा, नरेंद्र सेन और उमेश वर्मा को सेक्टर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। जिनमें संदीप सिरमौर, अशोक साहू, कमलेश साहू, धनंजय वर्मा, भूखन बंजारे, गेंदलाल कुर्रे, रिंकू गुप्ता, शुभम वर्मा, तेजराम वर्मा, उमेश साहू, महेंद्र वर्मा, नरसिंह वर्मा, निरंजन वर्मा, जागेश्वर साहू, नरेश वर्मा, हरेश वर्मा, गौतम वर्मा, धनीराम साहू, सिया सेंगर, गणेश साहू, संतोष साहू, बीरबल वर्मा, दशरथ बघेल, चुरामन साहू, और हेमराज वर्मा शामिल थे।

### अवैध शराब बेचने वालों में दहशत : ठेलकाडीह पुलिस का सख्त रवैया



ठेलकाडीह (दावा)। ठेलकाडीह थाना प्रभारी यादव के सख्त रुख के कारण क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के बीच दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी द्वारा अवैध शराब के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी के इस कदम से न केवल अवैध शराब का कारोबार कम होगा, बल्कि लोगों में भी सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। गौरतलब है कि पहले ठेलकाडीह और आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थी, लेकिन कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित थी। नए थाना प्रभारी यादव के आने के बाद से क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा रही है। जिससे अवैध कारोबार करने वालों में खलबली मच गई है। वहीं आम जनता पुलिस की इस कार्रवाई से काफी संतुष्ट नजर आ रही है। थाना प्रभारी यादव ने कहा कि अवैध शराब सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर पुलिस की लगातार नजर है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### सहायक ग्रेड-2 हरिप्रसाद गुप्ता को दी गई भावभीनी विदाई



डोंगरगांव (दावा)। वन परिक्षेत्र कार्यालय खुज्जी (डोंगरगांव) में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हरिप्रसाद गुप्ता को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 31 जुलाई को आयोजित किया गया। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी और वन कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर, कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के साथ अपने कार्य के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने श्री गुप्ता की नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना की सराहना की। कर्मचारियों ने बताया कि उनके अनुभव का लाभ सभी सहकर्मियों को मिला।

#### हरिप्रसाद गुप्ता का रहा उल्लेखनीय योगदान

श्री गुप्ता ने 1991 में दैनिक वेतनभोगी के रूप में अपना करियर शुरू किया था और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के आंदोलनों में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई डीएफओ और रेंजरों के साथ काम किया। इस विदाई समारोह में रेंजर खुज्जी चंद्रशेखर भंडारी, डिप्टी रेंजर शकुंतला वैष्णव, अन्नपूर्णा साहू, मुक्तेश्वर वर्मा और वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमलेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने श्री गुप्ता के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# रसोइयों का हल्ला बोल : रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



**कांग्रेस ने भी रसोइयों की मांगों को बताया जायज, आंदोलन को दिया समर्थन**

खैरागढ़ (दावा)। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्यरत महिला रसोइयों ने खैरागढ़ में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाया है। अंबेडकर चौक से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालते हुए रसोइयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई तो वे प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगी।

चुनाव पूर्व किए गए 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के वादे को शीघ्र पूरा किया जाए। अंशकालिक रसोइयों को पूर्णकालिक घोषित कर कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए। छात्र संख्या में कमी के आधार पर रसोइयों को कार्य से न हटाया जाए। प्रदर्शनकारी रसोइयों ने कहा कि वे रूपये 2000-2500 मासिक मानदेय में काम कर रही हैं, जो न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। 'हम बच्चों को भोजन कराते हैं, लेकिन खुद के लिए दो वक्त की रोटी जुटा पाना भी मुश्किल होता जा रहा है।

मिशन संडे टीम के संयोजक और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन भी पहुंचे और रसोइयों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कांग्रेस सरकार ने रसोइयों का मानदेय 1200 से बढ़ाकर 2000 रूपए किया था। यदि हमारी सरकार होती तो उनकी मांगें पूरी होती। वर्तमान सरकार अपने ही वादे पूरे नहीं कर पा रही है। मनराखन देवांगन के साथ नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन और कांग्रेस नेता सूर्यकांत यादव भी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठी रसोइयों को समर्थन देते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

### प्रदेश में आंदोलन का विस्तार तय

छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी रसोइया संघ आंदोलनरत है। खैरागढ़ जिले में दिए गए अल्टीमेटम के बाद यह विरोध प्रदेशभर में उग्र रूप ले सकता है। जिससे मध्यान्ह भोजन योजना की व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित होने की आशंका है।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। बोरतलाव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपने क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग बालिका को हैदराबाद से सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसने लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ लगातार यौन शोषण किया था। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

बोरतलाव थाना प्रभारी अवनिश कुमार श्रीवास ने बताया कि बीते 16 जून को बांसपहाड़ गांव के एक व्यक्ति ने थाने में अपनी नाबालिग बेटी के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उरईडबरी गांव का 26 वर्षीय यशवंत वर्मा लड़की को अपने साथ ले गया था और हैदराबाद में छिपकर रह रहा था। साइबर सेल की मदद से पुलिस टीम ने आरोपी का पता लगाया। उपनिरीक्षक गोकुल सोनकर के नेतृत्व में एक टीम हैदराबाद के चंदन नगर हाफिस पेंट, कोण्डापुर पहुंची और वहां से आरोपी यशवंत वर्मा के कब्जे से नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में लड़की ने बताया कि आरोपी उसे पहले डोंगरगढ़ के बम्लेश्वरी मंदिर ले गया था, जहां उसने मांग में सिंदूर भरकर और मंगलसूत्र पहनाकर शादी की। इसके बाद वह उसे हैदराबाद ले गया, जहां उसने उसे अपनी पत्नी बनाकर रखा और उसका यौन शोषण किया। इन खुलासों के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का पास्को एक्ट की धाराएं 64(ड), 87 बीएनएस और 4,6 जोड़ दीं। आरोपी यशवंत वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी श्रीवास के साथ उपनिरीक्षक गोकुल सोनकर, आरक्षक वेदप्रकाश रत्नाकर और महिला आरक्षक सुषमा मराठे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन में खैरागढ़ के यशवंत जैन करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व



**राजनांदगांव संभाग में यशवंत का शानदार प्रदर्शन**

खैरागढ़ (दावा)। समर्पण व मेहनत से कोई भी उंचाई प्राप्त की जा सकती है। इसी कड़ी में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खैरागढ़ का यशवंत जैन खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले का प्रतिनिधित्व करेगा।

बैडमिंटन प्रतिभा में यशवंत जैन ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने राजनांदगांव में आयोजित स्टेट लेवल सेलेक्शन ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-चौकी जिलों के खिलाड़ियों के बीच दमदार प्रदर्शन करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीतकर खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत के साथ यशवंत का चयन आगामी मंगलवार 12 अगस्त को रायपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जहां वे संयुक्त रूप से राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

फाइनल मुकाबले में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करने के बाद यशवंत को राजनांदगांव संभाग के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभिषेक शांडिल्य तथा खैरागढ़ के एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा द्वारा विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। यह पल न केवल यशवंत के लिए बल्कि समूचे खैरागढ़ के लिए गौरव का क्षण रहा। यशवंत की इस उपलब्धि के पीछे उनके सतत परिश्रम के साथ युवा बैडमिंटन प्रशिक्षक ईशान सिंह (बोंनसी) का कुशल मार्गदर्शन भी प्रमुख रहा है। कठिन परिश्रम और समर्पण की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

उनके इस चयन पर खैरागढ़ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सर्वेश साहू, खिलाड़ीगण एवं खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यशवंत की यह उपलब्धि खैरागढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और यह दर्शाती है कि समर्पण व मेहनत से कोई भी ऊँचाई प्राप्त की जा सकती है।

# नीरज विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई तुलसी जयंती



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पूरी गरिमा के साथ मनाई गई। नियमित प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने दोहों एवं चौपाईयों का सस्वर गायन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि तुलसी के राम जन-जन के राम हैं और उनके चरित्र को अंगीकार कर हम श्रेष्ठ जीवन जी सकते हैं। साथ ही उन्होंने तुलसीदास के प्रमुख दोहों का सस्वर गायन किया और तुलसी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोसाई जी ने मानव समाज को 'रामचरितमानस' महाकाव्य के माध्यम से भक्ति का वरदान दिया है। उनकी रचना कालजयी है और प्रत्येक युग में उसे लोग शिरोधार्य करते रहेंगे। संगीत शिक्षक द्वय डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओ ने 'श्री रामचंद्रकृपालु भजमन' और 'सूरज की गरमी से जलते हुए मन को' जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति से वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

जयंती समारोह के परिप्रेक्ष्य में कक्षा 1 से 2 तक दोहा लेखन, कक्षा 3 से 5 तक दोहावाचन (दो दोहे जिसकी व्याख्या प्रतिभागियों ने की), कक्षा 6 से 8 तक रामायण पर श्रुतलेख स्पर्धा, कक्षा 9 व 10 तक निबंध प्रतियोगिता तथा कक्षा 11 व 12 के लिए भाषण स्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। स्पर्धा के विद्वान निर्णायकों में मयंक शाकल्ये एवं हर्ष यदु सम्मिलित रहे। प्रार्थना सभा का प्रसंगानुरूप संचालन डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। पूरे आयोजन में हिन्दी व संस्कृत विभाग की श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती चित्ररेखा धनकर, श्रीमती नंदनी साहू एवं श्रीमती धन्नी साहू की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर शाला प्रबंधन के सम्मानित पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम साय को सौंपा ज्ञापन




**0 'मोदी की गारंटी' का नियमितीकरण का वादा 18 माह बाद भी अधूरा**
**0 मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर जताया विरोध, प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि चुनाव पूर्व भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' में 100 दिनों के भीतर नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन सरकार के 18 महीने बीतने के बाद भी उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुई। ज्ञापन में कर्मचारियों ने नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, पारदर्शी स्थानांतरण नीति, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित कुल दस प्रमुख मांगें रखी है। इसके साथ ही चिकित्सा बीमा, अनुकम्पा नियुक्ति और कार्य मूल्यांकन की पारदर्शिता जैसे मुद्दे भी शामिल रहे।

### ये हैं 10 सूत्रीय प्रमुख मांगे

नियमितीकरण/संविलयन, ग्रेड पे निर्धारण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, पारदर्शी स्थानांतरण नीति, चिकित्सा अवकाश व सुविधाएं, अनुकम्पा नियुक्ति, नियमित भर्ती में आरक्षण, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, रूपये 10 लाख तक कैशलैस चिकित्सा बीमा, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कर्मचारियों ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वादे को लेकर उन्हें आशा थी कि सत्ता में आते ही सरकार प्राथमिकता से इस पर निर्णय लेगी। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जब वे आंदोलन कर रहे थे। तब भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने मंच साझा कर समर्थन जताया था और भरोसा दिया था कि उनकी मांगें पूरी होंगी।

एनएचएम संघ के अनुसार, बीते 18 महीनों में प्रदेशभर के कर्मचारी 155 बार ज्ञापन, निवेदन और आवेदन सौंप चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो नियमितीकरण हुआ है और न ही कोई ठोस पहल सामने आई है। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

संविधानिक अनदेखी और उपेक्षा के चलते एनएचएम कर्मचारी एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो जल्द ही 16,000 से अधिक कर्मचारी एकजुट होकर व्यापक आंदोलन करेंगे। इससे उप स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। जिसका सीधा असर जनता पर पड़ेगा। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि उन्हें आंदोलन का रास्ता न अपनाना पड़े।

# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का शिकंजा : 650 रुपये में बेच रहा था यूरिया खाद, 50 बोरी जब्त



खैरागढ़ (दावा)। खरीफ सीजन में किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।। इसी क्रम में गुरुवार दोपहर कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने राजनांदगांव रोड स्थित सोनेसरार के हिंगलाज कृषि केंद्र पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कृषि अधिकारियों ने पाया कि केंद्र संचालक पराग खत्री यूरिया की एक बोरी 650 रुपये में किसानों को बेच रहा था, जबकि इसकी सरकारी दर महज 266.50 रुपये तय है। टीम ने मौके से 50 बोरी यूरिया जब्त की और मामले को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक लुकमान साहू, अनुभागीय अधिकारी वीरेंद्र और ग्राम विस्तार अधिकारी शिवप्रसाद साहू की मौजूदगी में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। सूत्रों के अनुसार विभाग ने पराग खत्री को लगभग 20 दिन पूर्व ही चेतावनी दी थी, कि वह निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री न करे।

### अवैध रूप से उर्वरक बेचा जा रहा था

प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि संचालक पर विभागीय कार्रवाई तय है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसानों को कालाबाजारी से राहत मिल सके।

# विश्वविद्यालय के लोक संगीत विभाग में पद्मश्री स्व. देवीलाल सामर के जन्मदिवस पर 'स्मृति देवीलाल सामर' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के लोक संगीत विभाग में 30 जुलाई को प्रसिद्ध लोककलाविद्, लोकनाट्य एवं राजस्थानी रंगमंडल के प्रख्यात कलाकार पद्मश्री स्व. देवीलाल सामर के जन्म दिवस पर स्मृति देवीलाल सामर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. राजन यादव विभागाध्यक्ष लोक संगीत ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपशिखा पटेल सहायक प्राध्यापक लोक संगीत विभाग रही।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा व स्व.देवीलाल सामर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम की संयोजक डॉ. दीपशिखा पटेल ने पद्मश्री स्व. देवीलाल सामर के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात लोक संगीत विभाग की छात्रा ईशा बघेल व छात्र हर्ष के ने स्व. देवीलाल सामर के द्वारा लोक कलाओं तथा कठपुतली कला के संरक्षण को लेकर उनके योगदान की जानकारी प्रदान की।

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि संगीत-कला के इस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिल रहा है। लोक संगीत विभाग में गाने-बजाने के साथ ही नृत्य की शिक्षा एक साथ मिल रही है। ऐसे कार्यक्रम से आप लोगों को साहित्यकारों को जानने का अवसर मिल रहा है। विद्यार्थियों को केवल यहीं तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि निरंतर आगे बढ़ना है। प्रो.(डॉ) राजन यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें जहां भी शिक्षा अर्जित करने का अवसर मिले ग्रहण कर लेना चाहिये। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें साहित्यकारों के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि एक विद्वान वक्ता को सुनना 500 पुस्तके पढ़ने के बराबर है, इसलिए जितना हो सके साहित्यकारों के बारे में जानकारी रखिये। पद्मश्री देवीलाल सामर केवल राजस्थान के ही नहीं बल्कि हिन्दी बेल्ट के लोक साहित्य के बारे में भी कार्य किये हैं। प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी ने कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के विद्यार्थी अनुशासित हैं। लोक नृत्य लोगों से जुड़ा होता है और लोगों के मध्य समन्वय स्थापित करने की क्षमता जिसमें होती है। वही सफल हो पाते हैं। कार्यक्रम में लोक संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य कालबेलिया की प्रस्तुति दी गई। वहीं अतिथि व्याख्याता डॉ. परमानंद पांडेय के द्वारा नारी मन की भावना से ओतप्रोत छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान गायन पक्ष में डॉ. विधा सिंह राठौर, डॉ. परमानंद पाण्डेय, कु. ईशा बघेल, कु. साक्षी गढ़पायले, वाद्य संगत में डॉ. बिहारी तारम- बेंजो, डॉ. नत्थू तोड़े- हारमोनियम, रामचंद्र सरपे- ढोल, डॉ. राजकुमार पटेल व थानेश्वर- ढोलक, हर्ष चंद्राकर- मंजीरा व करण तारम- घुंघरू में रहे। अभिनव महोबिया, विनोद वर्मा, भुनेश्वर साहू, अनिल टंडन, खगेश पैकरा, खिलेश, सुखराम साहू, समीर चंद्र साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में संगतकार डॉ. नत्थू तोड़े के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक संगीत विभाग के शोधार्थीगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# समन्वयवादी संत कवि हैं गोस्वामी तुलसीदास जी - अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। शहर की समाजसेवी महिलाओं की सबसे पुरानी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल में संत कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान नेता व समाजसेवी अशोक चौधरी, गायत्री शक्तिपीठ के बृजकिशोर सुरजन, लायंस क्लब सिटी राजनांदगांव के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल उपस्थित थे।

कस्तूरबा महिला मंडल की संस्थापक संयोजक व संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, श्रीमती शारदा तिवारी, अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, आशा गुप्ता, शोभा चोपड़ा, अनिता जैन, साधना तिवारी, माया चौरसिया, विद्या पांडे आदि ने अतिथि के साथ मिलकर संत कवि गोस्वामी तुलसीदास जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर श्री राम चरित मानस के रचयिता को कृतज्ञता पूर्वक याद किया। मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने कहा कि हम भारतवासी जिस सनातन संस्कृति और मर्यादा को जी रहे हैं उसके पीछे तुलसी दास जी की श्री रामचरित मानस का बहुत बड़ा हाथ है। श्री तुलसी दास जी समन्वय वादी कवि हैं। उन्होंने- शिव द्रोही मम दास कहावा, ते नर मोही, सपनेहु नहीं भावा। कहते हुए भगवान श्री राम व शिव सहित शैव व शाक्त, सगुन - निर्गुण, लोक व शिष्ट तथा सभी संप्रदायों के विचारों का अपनी कृति में समन्वय कर अद्भुत ग्रंथ प्रस्तुत किया है।

### तुलसीदास जी का मानस ग्रंथ समाज के लिए प्रकाश स्तंभ

कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित गायत्री शक्तिपीठ के बृजकिशोर सुरजन ने श्री रामचरित मानस के चितेरे महाकवि तुलसीदास जी को नमन करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं समाज के लिए प्रकाश स्तंभ है। लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि मध्यकाल में जब चारों और घोर अंधेरा व्याप्त था तब श्री रामचरित मानस के माध्यम से तुलसी दास जी ने लोगों को उजाला दी। इस दौरान माया रानी चौरसिया ने संत कवि तुलसीदास के जीवन का सुंदर गान किया। वहीं समाजसेवी व अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा कि तुलसी दास जी ने एक राजा कैसे होने चाहिए और दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज्य काहू नहीं ब्यापा वाली व्यवस्था होनी चाहिए के संबंध में अपनी कृति में बताया है। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, उषा मिश्रा, नियामत हुड्डा, जनक बाई गुप्ता आदि सहित कस्तूरबा स्कूल के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, ईश्वर साहू, विकास बारामाटे, सीताराम वैष्णव आदि ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया।

# आयुक्त ने तकनीकी अधिकारियों की ली बैठक

**निदान 1100 के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश**

राजनांदगांव(दावा)। मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्यो की आज आयोजित समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने तकनीकी अधिकारियों को निदान 1100 के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने निदान 1100 से आए शिकायतों के संबंध में जल, विद्युत एवं निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर कहा कि निदान के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना है। शिकायतकर्ता से जानकारी लेकर स्थल मे जाकर वस्तु स्थिति से अवगत होकर निराकरण करें। विद्युत एवं पेयजल संबंधी शिकायतों का स्थल निरीक्षण कर समाधान करें। उन्होंने सफाई संबंधी शिकायतों में सफाई नही होने, कचरा नही उठने संबंधी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायते ऐसे होती है, जिसका त्वरित निराकरण हो सकता है। ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। राज्य स्तर पर इसकी समीक्षा की जाती है, इसे गंभीरता से लेकर निदान करें। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में आयुक्त ने संबंधित अधिकारी से कहा कि नये स्वीकृत आवास के काम चालू कराकर शतप्रतिशत जीओ टेक करना है तथा पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक आवास आबंटन करने सत्त प्रक्रिया करें। उन्होंने एएचपी के तहत निर्माणाधीन आवास की जानकारी लेकर निर्माण में गति लाकर जल्द पूर्ण कराने कहा तथा कार्य में ढिलाई पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# विश्व आदिवासी दिवस समारोह के लिए रणनीति तैयार, 10 को राजनांदगांव में होगा आयोजन

कल्लूबंजारी (दावा)। गत रविवार को कंवर धर्मशाला छुरिया में सर्व आदिवासी समाज की जिला स्तरीय बैठक जिला संरक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 10 अगस्त को प्रस्तावित जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक रणनीति तैयार की गई।

### मनमोहक मांदर नृत्य के साथ होगा आयोजन

बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह राजनांदगांव जिला मुख्यालय में मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई राजनांदगांव के साथ-साथ संवैधानिक संघर्ष में सहभागिता निभाने वाले विभिन्न आदिवासी समाजों और संगठनों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। इनमें आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा ओड़ारबांध, जिला कंवर समाज राजनांदगांव, कोयतुर गोंड़ समाज, हल्बा-हल्बी समाज, उरांव समाज, कंडरा समाज, पारधी समाज, गोंड़वाना युथ क्लब और अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ से जुड़े समाज प्रमुख, पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

### संस्कृति संरक्षण और संवैधानिक जागरूकता पर जोर

गोंड़वाना गोंड़ महासभा महिला प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला नेताम ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को मूल रूप में बचाए रखने के



लिए अपने लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आदिवासी समाज की पढ़ी-लिखी और अधिकारी-कर्मचारी महिलाओं में भी आज संवैधानिक जनजागरण का अभाव है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षित वर्ग संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा। तब तक अशिक्षित और कम पढ़े-लिखे लोगों से संवैधानिक ज्ञान की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। नेताम ने विश्व आदिवासी दिवस समारोह में जिले भर के आदिवासियों को एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया।

### आयोजन समिति का गठन

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपने सुझाव दिए और एक आयोजन समिति का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष, संयोजक, कोषाध्यक्ष, सचिव, आमंत्रण कार्ड-पाम्पलेट-बैनर-पोस्टर छपाई प्रभारी, उदघोषक, मंच व्यवस्था प्रभारी, माइक-टेंट-डेकोरेशन प्रभारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मांदर नृत्य दल प्रभारी, बैठक व्यवस्था प्रभारी, नाश्ता एवं पेयजल व्यवस्था प्रभारी, रैली व सभा प्रभारी, महिला प्रभारी, युवा प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी प्रभारी, अतिथि स्वागत प्रभारी एवं आमंत्रण प्रभारी जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि सर्वआदिवासी समाज के सभी जाति-समाज प्रमुखों को वक्तव्य का अवसर दिया जाएगा और आदिवासी समाज के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समाज प्रमुखों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा।

### विशिष्ट अतिथियों का आमंत्रण

बैठक में जिला संरक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर, सुशीला नेताम, राहुल नेताम, पवन कुमार पंचारी, नंदकुमार गोंड़िया, कंवर समाज के महिला प्रभाग की जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर, यूथ क्लब राजनांदगांव के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार मंडावी, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लॉक इकाई छुरिया के अध्यक्ष खेलनसिंह ठाकुर, तेंदूनाला परिक्षेत्र के अध्यक्ष जे.आर.ठाकुर, महिला प्रभाग की अध्यक्ष अन्नु पडोटी, समाज के सलाहकार कृष्णा तारम, सोनू ओटी आदि सहित सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी और सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# डाइट प्राचार्य वाई.डी. साहू ने किया शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण, बुनियादी शिक्षा पर जोर

खैरागढ़ (दावा)। नव-नियुक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) खैरागढ़ के प्राचार्य वाई.डी. साहू ने सोमवार 28 जुलाई को विकासखंड छुईखदान के जंगलपुर घाट और पैलीमेटा स्थित शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया।

### छात्रों की बुनियादी समझ पर केंद्रित रहा निरीक्षण

सर्वप्रथम उन्होंने जंगलपुर घाट के शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्रों से बुनियादी भाषा, संख्या की समझ, मूलभूत गणितीय संक्रियाओं और अंग्रेजी अल्फाबेट की जानकारी से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्नों को सरल विधि से हल करके समझाने का प्रयास भी किया।



**प्राचार्य के द्वारा विद्यालय प्रांगण को साफ सफाई व्यवस्थित करने, किचन, गार्डन एंव मुस्कान पुस्तकालय का निर्माण करने सलाह दी**

विद्यालय के शिक्षकों को परिसर की साफ-सफाई व्यवस्थित करने, किचन गार्डन बनाने और मुस्कान पुस्तकालय का निर्माण करने की सलाह दी गई। इसके बाद शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पैलीमेटा का निरीक्षण किया गया। जहां छात्रों को शारीरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जानकारी दी गई। उन्होंने उन छात्रों की पहचान करने का सुझाव दिया जो हिंदी और अंग्रेजी नहीं पढ़ पा रहे थे और शिक्षकों को उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण (रिमेडिकल ट्रेनिंग) करने के लिए निर्देशित किया। छात्रों को अपने भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने और उसके अनुसार विषय की आवश्यकता की जानकारी भी दी गई।

### 'एससीईआरटी' छत्तीसगढ़ के दिशानिर्देशों का पालन करने पर जोर

प्राचार्य साहू ने शिक्षकों को 'एससीईआरटी' छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार शिक्षण कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्रों में बुनियादी भाषा और गणितीय कौशल विकसित करने तथा शिक्षकों में नवीन शिक्षण विधियों के विकास के लिए निरीक्षण का बहुत महत्व है।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों और छात्रों की आवश्यकताओं को जानने तथा उसके अनुसार प्रशिक्षण की रणनीति बनाने में भी अवलोकन का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचार्य वाई.डी. साहू ने इसी माह डाइट खैरागढ़ में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया है और जिले में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निरीक्षण और मार्गदर्शन का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिंदल ने 24 जुलाई को अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास राजनांदगांव में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में उन्होंने विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए किए गए नए और कड़े प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नए कानून

न्यायाधीश जिंदल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। जिसमें धारा 85: इसके तहत पति या उसके नातेदारों द्वारा किसी महिला के साथ की गई क्रूरता एक दंडनीय अपराध है। धारा 87: यह धारा किसी भी आयु की महिला के व्यपहरण या अपहरण से संबंधित है। यदि उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति से विवाह करने के लिए विवश करने के आशय से यह कृत्य किया जाता है। यह एक गंभीर अपराध है। धारा 140 (4): इसी क्रम में उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का व्यपहरण या अपहरण उसे घोर उपहति या अयुक्त काम वासना के लिए किया जाता है, तो यह कृत्य इस धारा के तहत अपराध माना जाएगा। धारा 79: यह धारा महिला की उपस्थिति में अश्लील इशारेबाजी करना या सीटी बजाना जैसे कृत्यों को अपराध मानती है।

### एसिड अटैक पर कड़े प्रावधान

श्री जिन्दल ने विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता 2023 में एसिड अटैक को रोकने के लिए किए गए सख्त प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर एसिड फेंककर या उसे एसिड देकर शारीरिक चोट पहुंचाता है, तो ऐसे में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 124 (1) के तहत अपराधी को कम से कम 10 साल की सजा होगी और जुर्माना पीड़ित को दिया जाएगा। न्यायाधीश जिन्दल ने शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं को अन्य उपयोगी कानूनी बातें भी बताई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**ट्रम्प ने इंडिया को डेड इकोनॉमी......**

ट्रूथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। उन्होंने कहा- रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने इतना जरूर कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे।

**राहुल बोले-ट्रम्प ने सही कहा....**

जीएसटी 3. असेंबल इन इंडिया फेल रहा (राहुल मेक इन इंडिया को असेंबल इन इंडिया कहते हैं) 4. MSMEs यानी छोटे-मध्यम उद्योग खत्म हो गए 5. किसानों को दबा दिया गया. मोदी ने भारत के युवाओं का भविष्य खत्म कर दिया, क्योंकि नौकरियां नहीं हैं।

**ट्रंप के डेड इकॉनमी वाले बयान.....**

सभी घटनाओं के प्रभाव की जांच कर रही है. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी निर्यातकों, इंडस्ट्रीज और सभी हितधारकों से इस मुद्दे पर चर्चा कर रहा है और सभी तरह की जानकारी इकट्ठा कर रहा है. उन्होंने कहा, किसानों, मजदूरों, व्यवसायियों, उद्योगपतियों, निर्यातकों, सभी एमएसएमई और औद्योगिक क्षेत्र के सभी हितधारकों के हितों की सुरक्षित करना केंद्र सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है. हम अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे.

**ट्रंप के टैरिफ से भारतीय....**

बाजार में नुकसान हो सकता है। सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और अमेरिका के साथ चल रही बातचीत में भारत के हितों की रक्षा करने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अमेरिका की तरफ से लगाया गया यह टैरिफ सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव का भी संकेत है। अमेरिका नहीं चाहता कि भारत रूस से रक्षा उपकरण और तेल खरीदता रहे। यह जुर्माना उसी के तहत एक दबाव तकनीक है। भारत अब रणनीतिक स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार दबाव के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। दो हफ्ते के भीतर सेक्शन 232 पर अमेरिकी समीक्षा होगी। यदि छूट जारी रही, तो भारत को राहत मिलेगी। यदि शुल्क लागू होता है, तो भारत को डब्ल्यूटीओ या द्विपक्षीय बातचीत के जरिए कूटनीतिक लड़ाई लड़नी पड़ेगी। नई व्यापार नीतियां, निर्यात सब्सिडी और स्थानीय विनिर्माण बढ़ाने के उपाय करने होंगे।

**एनआईए कोर्ट का बड़ा फैसला.....**

मुकदमा चला। सभी जमानत पर बाहर हैं। उन पर से मुकदमा इस साल अप्रैल में खत्म हो गया। जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। मामले में 3 जांच एजेंसियां और 4 जज बदल चुके हैं। इससे पहले 8 मई 2025 को फैसला आने वाला था, लेकिन बाद में इसे 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। मामले में साध्वी प्रज्ञा, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी पर हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी एक व्यापक साजिश के तहत विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप लगा था। आरोपी रमेश उपाध्याय का कहना है कि जांच में खामियां थीं और आरोपियों को फंसाया गया। दूसरे आरोपी समीर कुलकर्णी ने भी एटीएस की जांच पर सवाल उठाया था। भोपाल की पूर्व बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर पर मालेगांव में हुए धमाकों की साजिश रचने का आरोप है। प्रज्ञा के पिता सीपी ठाकुर आरएसएस से जुड़े थे। 14 साल की उम्र में ही प्रज्ञा का झुकाव आरएसएस की ओर हो गया था। प्रज्ञा कॉलेज के दिनों में एबीवीपी से जुड़ी थीं। प्रज्ञा ने पढ़ाई पूरी होने के बाद सूरत में एक आश्रम बनाया और अपनी फैमिली को भी वहीं बुला लिया। प्रज्ञा पर आरएसएस प्रचारक सुनील जोशी की हत्या का भी आरोप है। जोशी की 27 दिसंबर 2007 को देवास में हत्या की गई थी। प्रज्ञा को 23 अक्टूबर 2008 में गिरफ्तार किया गया था।

**अमेरिका ने पाकिस्तान से ऑयल....**

भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनॉमी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पॉलिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनॉमी कहलाता है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर चुनाव....**

अधिसूचना की तारीख से भारत निर्वाचन आयोग में स्थापित एक काउंटर पर खरीद के लिए उपलब्ध होगी। अधिसूचना की घोषणा जल्द होने की संभावना है। बता दें कि संसद के मानसून सत्र के पहले दिन जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की तैयारी तेज कर दी। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति भी हो गई है। बता दें कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया। अपने इस्तीफे पत्र में, उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित करते हुए कहा कि वह चिकित्सा सलाह का पालन करने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए यह कदम उठा रहे हैं। यह इस्तीफा संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन के बाद आया, जिस दौरान उन्होंने राज्यसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यवाही की। वहीं उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया।

**दल-बदल को लेकर सुप्रीम कोर्ट....**

कि स्पीकर को विधायक-सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार दिया है ताकि अदालतों में वक्त बर्बाद न हो और जल्दी से मामला सुलझ जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हमारे समक्ष दलील आई है कि आर्टिकल 136 और 226/227 के तहत स्पीकर के फैसलों पर न्यायिक समीक्षा हो सकती है। हालांकि इसकी गुंजाइश बेहद सीमित है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बड़ी बेंच के समक्ष लंबित है, इसलिए इस पर सुनवाई नहीं हो सकती है। बता दें कि तेलंगाना विधानसभा के 10 विधायकों ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी। इन विधायकों ने बीआरएस की टिकट पर चुनाव जीता था, बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए। इस पर बीआरएस नेताओं और भाजपा विधायकों ने इन दस विधायकों की अयोग्यता की मांग करते हुए स्पीकर के समक्ष याचिका दायर की थी। स्पीकर ने इस पर लंबे समय से फैसला नहीं दिया तो बीआरएस ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था।

**ब्रिटेन ने भारत को दमनकारी....**

समर्थक संगठन है, जिसे भारत ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया है। जॉइंट कमेटी ऑन ह्यूमन राइट्स नाम की यह कमेटी ब्रिटेन में मानवाधिकारों की जांच करती है। इसमें अलग-अलग दलों के सांसद शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देश यूके में लोगों को डराने का काम कर रहे हैं। कमेटी को ऐसे सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर कई देशों पर ब्रिटेन की जमीन पर लोगों को निशाना बनाने का आरोप है। इससे लोगों में डर बढ़ रहा है, उनकी बोलने और घूमने की आजादी घट रही है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि ऐसी कार्रवाइयों का निशाना बनने वाले लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है। जेसीएचआर ने ब्रिटिश सरकार से इस मामले में सख्त कदम उठाने की मांग की है ताकि मानवाधिकारों की रक्षा हो सके। ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमएलजेड की जांच में ऐसे मामलों में 2022 के बाद 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह भी बताया गया कि कुछ देश इंटरपोल के नियमों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें चीन, रूस और तुर्की का नाम सबसे ऊपर है, लेकिन भारत और कुछ अन्य देशों पर भी ऐसे आरोप लगे हैं।

**मानसून सत्र का 9वां दिन: ट्रंप के टैरिफ घोषणा पर.....**

दिन था। पीएम मोदी ने सबसे अंत में भाषण दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में एक घंटा 40 मिनट की स्पीच दी। पीएम मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि दम है तो प्रधानमंत्री सदन में बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। राज्यसभा में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर सवाल-जवाब हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में करीब डेढ़ घंटे भाषण दिया। उन्होंने शाम 7 बजे सदन में बोलना शुरू किया। विपक्ष ने हंगामा करते हुए पीएम मोदी को बुलाने की मांग की। शाह ने कहा- विपक्ष पूछ रहा है कि पीएम कहा हैं? पीएम इस वक्त ऑफिस में हैं, उन्हें ज्यादा सुनने का शौक नहीं है। मेरे से निपट रहा है, उन्हें क्यों बुला रहे हो। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री के दिल्ली में रहते हुए भी वो यहां नहीं आ रहे, ये तो सदन का अपमान है। सदन-सदस्यों का अपमान करना ठीक नहीं है।

**हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता.....**

कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह भी इसमें शामिल थे। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने वोटों के लिए आतंकवाद को धार्मिक रंग देने की कोशिश की। लेकिन भारत के लोगों ने इस झूठ को स्वीकार नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत ऐसा किया। अमित शाह का यह बयान मालेगांव बम धमाकों के मामले में अदालत के फैसले से ठीक पहले आया है। इस मामले में अभिनव भारत नाम के एक हिन्दूवादी संगठन के सदस्यों पर आरोप है। शाह ने कहा कि अफजल गुरु को फांसी इसलिए नहीं दी जा सकी क्योंकि पी. चिदंबरम गृह मंत्री थे। शाह ने आरोप लगाया कि यह सब राजनीतिक फायदे के लिए किया गया। निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया, प्रताड़ित किया गया और बदनाम किया गया। यह सब न्याय के लिए नहीं, बल्कि एक कहानी गढ़ने के लिए किया गया था जिससे चुनाव में फायदा हो सके।

**छत्तीसगढ़ में बिछेगा सड़कों का जाल....**

है, जिससे शहर में ट्रैफिक आसान होगा। कटनी-गुमला मार्ग के हिस्से में 11 किलोमीटर सड़क बनेगी जो गांवों को जोड़ने में मदद करेगी। वहीं, केशकाल के 4 किलोमीटर हिस्से की सड़क को मज़बूत किया जाएगा, जिससे पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 7000 करोड़ से ऊपर के नियोजित कार्यों की वित्तीय स्वीकृति को भी शीघ्र करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोज़गार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं। अंजोर विजन 2047 के तहत छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव, हर नागरिक तक बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।

# क्या प्रशासन कर रहा किसी और अनहोनी का इंतज़ार, जिस नाले में बहा था अमित वो आज तक खुला है

**हर साल बाढ़ और हर बार नुकसान, इस बार जान भी गई, फिर भी नगर पालिका प्रशासन बेफ्रिक**
**○ विपक्ष ने उठाए गंभीर सवाल, कहा नगर पालिका प्रशासन को कुंभकर्णीय नींद से जागना पड़ेगा**

(यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू')



खैरागढ़ (दावा)। ऊपरी दबाव के चलते और लगातार हों रही मुसलाधार बारीश के कारण और अचानक किसी बिना सूचना के प्रधानपाठ बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शनिवार 26 जुलाई को खैरागढ़ नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। नगर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया, नगर के मेन मार्केट के घरों और दुकानों में पानी घुस गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। लेकिन नुकसान सिर्फ संपत्ति का नहीं था, इस बार बाढ़ एक जिंदगी भी लील गई।

बाढ़ के दौरान इतवारी बाजार में नाले में बहकर जान गंवाने वाले युवक अमित यादव की मौत ने फिर से प्रशासन की नाकामी को बेनकाब कर दिया है। बाढ़ के पानी से तबाही झेल रहे इस बाजार में हर बार की तरह इस बार भी आमनेर और मुस्का नदी का पानी आकर भर गया। क्षेत्र समतल होने की वजह से पानी तेजी से दुकानों और गलियों में भर गया। इसी दौरान बाढ़ में मस्ती कर रहे कुछ युवकों में से एक युवक अमित यादव बह गया था और उसके साथ स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के करीब आधे घंटे बाद बरेठपारा निवासी देवशरण रजक भी उसी नाले में बहा, लेकिन चमत्कारिक रूप से उसने किसी तरह खुद को बचाकर सकुशल बाहर निकल आया। अमित वहीं फंसा रह गया और अपनी जान नहीं बचा सका। देवशरण ने बताया कि वह नाले से बाहर निकलकर बेसुध पड़ा था। जब उसके हाथ से सांप गुजरा तब उसे होश आया और वह भागकर अपने घर आया।

आज पर्यन्त तक वह नाला खुला पड़ा है, जहां पर एक युवक की जान चली गई, चौंकाने वाली बात ये है कि जिस नाले में अमित बहा, तीन दिन बाद भी नाले के मुहाने को बंद करने कोई पहल नहीं की गई। हर साल खैरागढ़ बाढ़ की चपेट में आता है और सबसे ज्यादा मार झेलता है। इतवारी बाजार क्षेत्र, जहां आमनेर और मुस्का नदी का पानी मिलकर तबाही मचाता है। यह कोई पहली बार नहीं है, 2024 में भी हालात भयावह थे और नगरवासी हर वर्ष नुकसान झेल रहे हैं। लेकिन न तो नगर पालिका प्रशासन ने और न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शहर के भीतर पानी के प्रवेश को रोकने कोई स्थायी कार्ययोजना बनाई, न ही संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

## विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया, कहा कुंभकर्णीय नींद से जगाना पड़ेगा नगर पालिका प्रशासन को

नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने इस त्रासदी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि हर वर्ष खैरागढ़ में बाढ़ आती है और सबसे ज्यादा नुकसान इतवारी बाजार को होता है। इस बार एक नौजवान जो अपने परिवार का एकलौता बेटा था, अमित जिसकी जान चली गई। जिस नाले में वह बहा, वहां हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लेकिन एक जान जाने के बाद भी प्रशासन नहीं जागा। अब अगर फिर बाढ़ आई और उसी नाले से किसी और की जान गई, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह नगर पालिका प्रशासन की होगी।

## सदमे में हैं परिवार और स्थानीय निवासी

घटना के बाद अमित के परिजन और स्थानीय लोग सदमे में हैं। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने अथक प्रयासों के बाद दूसरे दिन अमित का शव बरामद किया, लेकिन प्रशासन की संवेदनहीनता अब भी जस की तस है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा ने नाले पर जल्द जाली लगाने की बात कही है। सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन खैरागढ़ का यही हाल रहा। हर साल पानी, हर बार तबाही, और हमेशा देर से जागने वाला तंत्र।

# नागपंचमी पर स्वयं-भू लिंगेश्वर में उमड़ी भक्तों की भीड़, दिखा नागराज का दिव्य दर्शन

राजनांदगांव (दावा)। नाग पंचमी के पावन अवसर पर आज 30 जुलाई को ग्राम भांठागांव स्थित भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। संस्कारधानी नगरी से करीब 10 किलोमीटर दूर गठुला-भेड़ीकला ग्राम के पास स्थित भांठागांव में भीषण गर्मी के दिनों में धरती फोड़कर प्रकट हुए इस शिवलिंग की श्रावण मास में पूरे भक्ति-भाव से पूजा-अर्चना की जा रही है। सावन के हर सोमवार को बोल बम कांवड़िए शहर की शिवनाथ नदी से जल लाकर भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर पर अर्पित करते हैं। भक्तों द्वारा 'ओम नमः शिवाय' और महामृत्युंजय जाप, शिव चालीसा आदि का निरंतर पाठ किए जाने से ग्राम भांठागांव का पूरा माहौल शिवमय बना हुआ है। लोग यहां शिवलिंग पर लिपटे नाग जोड़े और परिसर में विचरण करने वाले सर्पों का दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं।





## शिव कृपा से असाध्य रोग हो रहे दूर, धड़कता है शिवलिंग

यह भी बताया जाता है कि भांठागांव का स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर मनुष्य के हृदय की तरह धड़कता है और इस पर इलेक्ट्रॉनिक बंद घड़ी टिकाने से वह अपने आप चालू हो जाती है। मंदिर में भगवान शिव की कृपा से असाध्य रोगों को भी दूर किया जाता है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि इस चमत्कारी शिवलिंग के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। वहीं असाध्य रोगों से पीड़ित रोगी मंदिर से मिलने वाली जड़ी-बूटी युक्त औषधि खाकर ठीक हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारी एन.के. डडसेन, खैरागढ़ के चिरंजीव सिन्हा, ईनेश्वर साहू, संस्कारधानी के सतीश तिवारी, थानेश्वर यादव, देवेश हटवार, तथा ग्राम के खेमलाल साहू, नरोत्तम साहू आदि दर्शनार्थियों ने बताया कि भगवान शिव की कृपा से लकवा, मिर्गी, चर्मरोग, शुगर जैसे असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों के दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। पुजारी महाराज द्वारा इन बीमारियों की दवाइयां दी जाती हैं। यही वजह है कि श्रावण मास में स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर लिपटे नाग-सर्प के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है और यहां शिव भक्ति की बयार बह रही है। यह जानकारी ग्राम के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

# खाद नहीं मिलने से मोहारा सोसाइटी में किसानों ने किया हंगामा



**विधायक श्रीमती बघेल द्वारा मौके पर पहुंचकर शासन की नीति के खिलाफ नाराजगी व्यक्त कर सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया**

डोंगरगढ़(दावा)। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र वहां स्थित अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठान में खाद का भंडार देखने को मिल सकता है। जहां किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो पा रहा है। इसके लिए किसानों को दोगुनी दर पर खाद खरीदना पड़ रहा है। अपनी फसल बचाने के लिए किसान मजबूरी में ऊंची दर पर बिकने वाले खाद को ले रहे है।

वही सोसाइटी में खाद नहीं मिलने के कारण गरीब किसान रत जगा कर अपने नंबर आने का इंतजार कर रहे हैं। सीमित मात्रा में खाद पहुंचने के कारण आए दिन सोसाइटी में किसानों द्वारा हंगामा देखने सुनने को मिल रहा है। बुधवार को इसी हंगामा के बीच विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल भी किसानों के बीच पहुंचकर शासन की नीति की आलोचना कर सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने का निर्देश समिति प्रबंधक को दिया गया।

## साय सरकार और सांसद के कानों पर जू नहीं रेंग रही है - किसान मोरध्वज वर्मा

खेती किसानी के कार्य में किसानों को हो रही परेशानी पर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए, किसान मोरध्वज वर्मा ने कहा है कि, साय सरकार और संतोष पांडे के संसदीय क्षेत्र मोहारा में अन्ना दाता किसान रात्रि 3-4 बजे से खाद के लिये रत जगा कर रहे हैं पर साय सरकार और सांसद संतोष पांडे के कानों पर जू नहीं रेंग रही हैं। किसान विरोधी साय सरकार किसानों कि आय दोगुनी करने कि बात करते है। इधर खाद नहीं मिल रहा है तो किसान की आय में कहा से बढ़ोतरी होंगी। सरकार किसानों से 21 क्विंटल धान लेने से कतरा रही है, इसीलिए खाद नहीं दे रहे है।

# जिपं सभापति देवकुमारी साहू ने रंगमंच निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत कोटराभांठा में रंग मंच का भूमिपूजन क्षेत्र क्रमांक 4 के जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू द्वारा किया गया। जिसमें हमारे ग्राम पंचायत के युवा सरपंच डॉन कुमार साहू एवं पंचगण व गांव के गणमान्य नागरिक व भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष मुकेश कुमार नेताम शामिल हुए, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू ने इस मौके पर पंचायत परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई प्रेषित किया।

# ललित चोपड़ा की अगुवाई में 300 कांवड़ियों ने नंगे पांव तय की उदयपुर से शिवकोकड़ी तक की कठिन यात्रा



खैरागढ़ (दावा)। श्रावण मास के पावन अवसर पर तीसरे सोमवार को उदयपुर से शिवकोकड़ी धाम तक एक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में क्षेत्र के करीब 300 युवक-युवतियों ने गगनभेदी 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ नंगे पांव चलकर भगवान शिव को पवित्र जल अर्पित किया। इस ऐतिहासिक यात्रा की अगुवाई उदयपुर जिला पंचायत क्षेत्र के सदस्य ललित चोपड़ा ने स्वयं की। उन्होंने न सिर्फ आयोजन की रूपरेखा तैयार की। बल्कि कांवड़ में जल भरकर नंगे पांव चलकर शिवकोकड़ी धाम तक पहुंचे और पूरे रास्ते 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।

## कठिन पथरीले रास्तों से होकर गुजरी यात्रा

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को निकली यह भव्य कांवड़ यात्रा सोमवार सुबह 9 बजे उदयपुर से शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने कीचड़, कंकड़-पत्थर से भरे पथरीले रास्तों और बहती नदियों को पार करते हुए इस कठिन मार्ग को श्रद्धापूर्वक तय किया।

## कांवड़ियों का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

यात्रा मार्ग में विभिन्न पड़ावों पर कांवड़ियों का भव्य स्वागत हुआ। छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवनीत जैन ने यात्रा में भाग लेकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। बाजार अतरिया में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा और युवा मोर्चा महामंत्री प्रेमसागर गुप्ता ने कांवड़ियों का स्वागत करते हुए फल वितरण किया। इसके बाद यात्रा ग्राम सिंघोरी पहुंची। जहां जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुर्रे ने सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की।

## भाजपा जनप्रतिनिधियों ने भी निभाई सहभागिता

कांवड़ यात्रा में ग्राम सिंघोरी से पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला पंचायत सदस्य अरुणा सिंह बनाफर, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू, ग्रामीण मंडल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, जयप्रकाश साहू, अशोक साहू, समेत कई गणमान्य जनप्रतिनिधि सहभागी बने और जनसेवा के भाव से कांवड़ियों का स्वागत किया। देर शाम कांवड़ यात्रा शिवकोकड़ी धाम पहुंची। जहां सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने कांवड़ से पवित्र जल भगवान शिव के शिवलिंग पर अर्पित किया और क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि व शांति के लिए प्रार्थना की। यह कांवड़ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था की जीवंत मिसाल बनी। बल्कि जनसहभागिता, समर्पण और सेवा भावना का सशक्त प्रतीक भी साबित हुई। आयोजकों ने इसे हर वर्ष आयोजित करने का संकल्प भी लिया।

# लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें - कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल



**शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता प्रशासनिक कार्यों में लाएं गति व पारदर्शिता**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में दक्षता लाकर नागरिकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कलेक्टर ने शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ऐसे केंद्रों और स्कूलों को सुरक्षित स्थानों पर शीघ्र स्थानांतरित किया जाए। बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्यों को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए। धान के सुचारु परिवहन के संबंध में उन्होंने डीएमओ को निर्देशित किया,कि बारिश के कारण संग्रहण केंद्रों में कीचड़ होने पर वाहनों के आवागमन हेतु उचित वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि धान समय पर मिलर्स तक पहुंच सके।

## राजस्व कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन और डायवर्जन जैसे प्रकरणों के शीघ्र निपटारे हेतु तेजी लाने को कहा। उन्होंने जानकारी दी कि अब प्रत्येक माह राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' में जिले की रैंकिंग सुधारने और विभागीय कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सतत प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक विभागीय बैठकों की कार्यवाही रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने को कहा।

## रजत जयंती वर्ष की तैयारी करें सुनिश्चित

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अगस्त से पूर्व सभी विभागों को अपनी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करानी होगी।



# बाल कैबिनेट गठन में बच्चों ने दिखाया लोकतांत्रिक जोश, लव कुमार बने शाला नायक

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारीकला में बाल कैबिनेट गठन समारोह उत्साह और लोकतांत्रिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष अवसर पर बच्चों ने मतदान प्रक्रिया के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शाला नायक (प्रधानमंत्री) पद के लिए लव कुमार को चुना।

इस अवसर पर ग्राम प्रमुख हृदयराम सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख हेमंत सलामे ने की। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सविता सलामे, शिक्षकगण संतोष निर्मलकर, देवेंद्र साहू एवं कमलेश देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

# सुकुलदैहान में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार और जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला राजनांदगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष सुकुलदैहान में 29 जुलाई को एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीसीडीसीएस (गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम) के तहत नि:शुल्क चिकित्सा और जन जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।



## शिविर में मिली चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश्वरी ठाकुर, आयुष चिकित्सक (पोस्ट ग्रेजुएट) डॉ. अनमोल गुप्ता, फॉर्मासिस्ट श्रीमती छाया प्यासी, औषधालय सेवक दीपकचंद निखारे, योग प्रशिक्षक शारदा श्रीरंगे और पीटीएस जीत कुमार खरे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर में कुल 35 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। जिनमें से 31 रोगियों की ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच की गई। साथ ही उन्हें सही आहार-विहार (खान-पान और जीवनशैली) के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## गैर-संचारी रोगों और योग पर जागरूकता

शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को गैर-संचारी रोगों (जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि) के कारण, लक्षण और उनसे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, योग, प्राणायाम, दिनचर्या और ऋतुचर्या का पालन करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर के दौरान आवश्यक औषधियों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। जिससे ग्रामीणों को तात्कालिक स्वास्थ्य लाभ मिल सका। यह शिविर सुकुलदैहान और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और नि:शुल्क आयुष चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सफल कदम रहा।

# एक राखी सैनिक भाईयों के नाम

**गाइडर बहनों द्वारा जवानों के लिए तैयार किया गया 1375 रक्षा सूत्र राखियां**

राजनांदगांव (दावा)। एक राखी सैनिक भाईयों के नाम के तहत जिले के गाइड रेंजर गाइडर बहनों द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर देश की रक्षा के लिए अपने परिजनों से दूर देश की सीमाओं में सेवारत जवानों के सम्मान में हाथों से बने 1375 रक्षा सूत्र राखियां तैयार किया गया है। इन रक्षा सूत्र राखियों को जवानों तक पहुंचाने के लिए राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित किया गया है। इस कार्य में 32 शालाओं की गाइड रेंजर प्रभारी सहित विकासखंड सचिव स्काउट-गाइड प्रवीण साव, लेखराम वर्मा, टोमन पटेल, नीलकंठ ध्रुर्वे का विशेष सहयोग रहा।

# पशु तस्करी में जब्त वाहन को किया गया राजसात, नीलामी की होगी कार्रवाई

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जयतला रोड बी/एच वाचनालय नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी प्रवीण बंकर के वाहन क्रमांक एमएच 31 ईएन 0699 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम 2014 के धारा 07 में दिए प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। जारी आदेश के अनुसार विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का नियमानुसार निलामी की कार्रवाई की जाएगी तथा प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के लिए केंद्र सरकार ने महती योजना लागू की - किरण साहू



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ से भाजपा प्रवासी नेत्रियों ने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालनी राजपूत के नेतृत्व में चुनाव प्रचार करने पहुंचे नेत्रियों में राजनादगांव जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती किरण साहू और नवगठित जिला खैरागढ़ की जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा गोस्वामी ने पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन मंडल के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर महिलाओं से संवाद किया।

इस दौरान भाजपा की दबंग नेत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ने हमारे संवाददाता से दूरभाष पर चुनावी चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, जैसे वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, 125 यूनिट मुफ्त बिजली और आशा-ममता दीदी के लिए प्रोत्साहन राशि। उन्होंने महिलाओं से आगामी चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम में कई स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश से आई भाजपा की प्रवासी बहनें श्रीमती किरण साहू और श्रीमती नीलिमा गोस्वामी ने ढाका विधानसभा के घोड़ासहन मंडल अंतर्गत बिशुनपुर, झरौखर, कवैया और श्रीपुर पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदी, लाभार्थी बहनें, जनप्रतिनिधि महिलाएं और शिवचर्चा बहनों के साथ संवाद बैठक की। बैठक के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी सीमा जायसवाल ने बिहार सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार न्याय के साथ तेज गति से चौतरफा विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन की राशि को रूपये 400 से बढ़ाकर रूपये 1100 कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी गई। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अब सभी घरेलु उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी तथा आशा एवं ममता दीदी को भी प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने हर घर तक बिजली, शौचालय और नल से जल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुँचाई हैं और आने वाले समय में बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जाएंगे।

# ग्राम बघेरा में स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों, चौक-चौराहों, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम बघेरा में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मितानिन दीदियों के नेतृत्व में स्वच्छता दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, ग्राम संगठन की सक्रिय महिलाएं, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

ग्रामीणों को समाज के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने घरों के साथ-साथ गांव के समस्त सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने की अपील की गई।

# जिला पंजीयक कार्यालय में नेटवर्क का सर्वर डाउन, नहीं हो पा रही हैं रजिस्ट्री

## कृषि भूमि की पांच डिसमिल से कम की नहीं हो रही रजिस्ट्री, कृषक परिवारों पर गिरा गाज



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंजीयक कार्यालय में इन दिनों नेटवर्क समस्या के चलते रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं किसी भी भूमि की रजिस्ट्री के लिए क्रेता और विक्रेता दोनों पक्ष का एक ही समय और स्थान में होने की अनिवार्यता के चलते भी रजिस्ट्री कार्यों में परेशानी खड़ी हो रही है। हालांकि बताया जा रहा है कि जिला पंजीयक कार्यालय में रोजाना 50 से 60 रजिस्ट्रियां हो रही है, लेकिन लोगों ने बताया कि नेटवर्क प्राब्लम व सर्वर डाउन की समस्या के चलते पंजीयन कार्य नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर दिनभर लाईन लगानी पड़ती है। तब कहीं जाकर पंजीयन कार्य हो रहा है या फिर नहीं भी हो पा रहा है। इसके लिए पंजीयन कार्यालय का चक्कर लगाने की नौबत आ रही है। इस समस्या से लोग दो-चार तो हो ही रहे हैं। इसके साथ ही पांच डिसमिल वाले कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होने की भी समस्या लोगों को परेशानी का कारण बना हुआ है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा जब से पांच डिसमिल से कम की रजिस्ट्री कराने पर रोक लगाई जाने की अधिसूचना जारी हुई है इसके किसानों को अपनी कृषि भूमि बेचने में खासी परेशानी हो रही। कम जमीन वाले किसानों के घर में कोई पारिवारिक बंटवारा होता है तो टूकड़ों में बंटी उक्त जमीन का मानो रजिस्ट्री हो ही नहीं सकता। जबकि डायवर्टेड भूमि का हो सकता है। बताया जाता है कि पांच एकड़ वाले कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक अवैध प्लाटिंग की बढ़ती समस्या को देखकर लगाया गया है। इस रोक के चलते किसानों को अपनी बटांकन की भूमि रजिस्ट्री कराने में समस्या खड़ी हो गई है। वे आपात स्थिति में यदि उन्हें पैसो की जरूरत पड़ती है तो वे चाह कर भी अपनी कृषि भूमि बेच नहीं पा रहे हैं। एक ही खसरा व बड़ा रकबा है तो उसका पंजीयन हो ही नहीं सकता। वहीं एक ही खसरा व एक ही रकबा हो तो रजिस्ट्री होने की बात कही जा रही है। टूकड़ों में रजिस्ट्री नहीं हो सकती। बताया जाता है कि उक्त रोक अवैध प्लाटिंग के चल रहे गोरख धंधे पर अंकुश लगाने के लिए किया गया है।

जमीन संबंधी सौदो के जानकार ने बताया कि शहर के पनेका-बांकल क्षेत्र में ले-आउट का रेट 15 सौ रुपए है, जबकि कृषि भूमि का 2 लाख रुपए है। इस तरह के कृषि भूमि के मूल्यांकन देखी जा रही असमानता और पांच डिसमिल से कम की कृषि भूमि की रजिस्ट्री नहीं होने के सरकारी फरमान से किसानों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो सरकार के प्रति असंतोष का कारण बनते जा रहा है।

# जमीन रजिस्ट्री कराने झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी विजय कुमार ने प्रार्थी से 17 लाख रूपये की धोखाधड़ी




राजनांदगांव(दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में एक आरोपी द्वारा जमीन रजिस्ट्री का झांसा देकर लगभग 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है।

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रार्थी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम सांकरा बालाजी ड्रीम सिटी में प्लाट विक्रय हो रहा था जिसके खरीदी हेतु पी. विजय कुमार से संपर्क होने पर पी. विजय कुमार के माध्यम् से बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा अवासीय प्लाट ब्लाक ए-प्लाट नंबर 72 रकबा 2256.28 वर्गफिट को विक्रय करने का 15,56,819 रूपये में सौदा कर बयाना एवं अन्य खर्च के लिए आरोपी पी. विजय कुमार को 11,27,000 रु. एवं बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा के प्लाट नंक 154, 155 को कुल 13,69,588 रु. रूपये में सौदाकर बयाना और अन्य खर्च के लिए कुल 5,71,100रु. आरोपी पी. विजय कुमार को दिया गया, आरोपी पी. विजय कुमार द्वारा प्रार्थीगण को उक्त प्लाट का रजिस्ट्री कराने के नाम पर छल पूर्वक विक्रय पत्र तैयार किया गया व उसी के साथ आम मुख्तयारनामा भी तैयार करवा लिया गया एवं सभी मूल दस्तावेज स्वयं अपने पास रख लिया, इस तरह से आरोपी पी. विजय कुमार रजिस्ट्री कार्यालय में पंजीकरण का ड्रामा करके छल से आम मुख्तारनामा के कागज बनवाकर प्रार्थीगण के साथ 16,98,100 रूपये का धोखाधड़ी किया। जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी पी. विजय कुमार के विरूद्ध थाना सोमनी में धारा 420 भादंवि, धारा 318(4) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी को भिलाई जुनवानी से किया गिरफतार

इस दौरान मुखबीर सूचना पर से आरोपी पी. विजय कुमार पिता पी. रवि कुमार उम्र 35 साल निवासी फ्लैट नं. ई/601 न्यू दीनदयाल कालोनी खम्हरिया जुनवानी भिलाई पुलिस चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला को स्मृति नगर भिलाई से हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने बताया कि मूल भूमि स्वामी से रजिस्ट्री नहीं होने और दोनों खरीददार रजिस्ट्री के लिए परेशान करने पर प्रमोद कुमरे एवं तारकेश्वर नाथ से रजिस्ट्री की बात बोलकर रजिस्टार कार्यालय राजनांदगांव मे बुलाकर उपरोक्त जमीन का अपने नाम से आम मुख्यतयारनामा तैयार कराने वाले दस्तावेजों में महेन्द्र कुमरे एवं तारकेश्वर नाथ से हस्ताक्षर कराकर उपरोक्त प्लाट का अपने नाम से आम मुख्त्यारनामा रजिस्टार कार्यालय से प्राप्त करना, कमीशन के लालच में आकर लाभ कमाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से रजिस्ट्री कराने के नाम पर छलपूर्वक विक्रय पत्र व उसी के साथ आम मुख्त्यारनामा पत्र तैयार दोनों पेपर में हस्ताक्षर लेना तथा मूल दस्तावेज अपने पास होना बताया। इस पर पुलिस द्वारा आरोपी से मूल दस्तावेज जप्त कर लिया गया। आरोपी पी. विजय कुमार द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को न्यायालय मे पेश किया गया जहां से उसे ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला बैंक कर्मचारी उमेश गोरले पुलिस की गिरफ्त में



o 12 और खाताधारकों ने उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत बैंक मैनेजर से की
o खाताधारकों का डूबा पैसा आरोपी से वसूल कर लिया जाएगा - श्री राजू इन्वेस्टिगेशन अधिकारी एक्सिस बैंक

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर हो या गांव सभी दिशा में एक्सिस बैंक में हुए करोड़ों रुपए के धोखाधड़ी को लेकर चर्चा व्याप्त है। चर्चा के दौरान ही अनेक प्रकरणों का खुलासा देखने सुनने को मिल रहा है। एक करोड़ 6 लाख रुपए की धोखाधड़ी पर एफआईआर दर्ज होने के पश्चात पुलिस की ओर से आरोपी को पकड़ने की कवायत तेज कर दी गई थी। इस बीच 12 और खाता धारकों ने बैंक मैनेजर से उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। की गई धोखाधड़ी की राशि 50 लाख के लगभग बताई जा रही है।

एक दिन पूर्व पुलिस द्वारा आरोपी उमेश गोरले के परिजनों को थाना में बुलाकर कड़ाई के साथ पूछताछ की गई थी। सूत्रों से पता चला है कि परिजनों के खाते को सीज कर दिया गया है। बुधवार को एक्सिस बैंक के निलंबित कर्मचारी उमेश गोरले के थाना पहुंचते ही पुलिस ने धोखाधड़ी को लेकर पूछताछ प्रारंभ की। पुलिस की ओर से जांच की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ही संपूर्ण जानकारी देने की बात कही गई है।

### डूबा पैसा आरोपी से वसूल कर लिया जाएगा - राजू

दावा समाचार से चर्चा के दौरान एक्सिस बैंक के इन्वेस्टिगेशन अधिकारी श्री राजू ने बताया कि आरोपी उमेश गोरले के अलावा बैंक के किसी और कर्मचारियों के धोखाधड़ी में शामिल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। जांच प्रक्रिया-प्रक्रियाधीन है जांच में मात्र उमेश गोरले के शामिल होने की बात सामने आ रही है। श्री राजू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, खाताधारकों का डूबा पैसा हर स्थिति में आरोपी उमेश गोरले से वसूल कर लिया जाएगा।

### खाताधारकों की शिकायत पर सीधे एफआईआर नहीं कर रही है पुलिस - पार्षद अमित छाबड़ा

छाबड़ा परिवार के द्वारा एक्सिस बैंक में 10 लाख रुपए की एफडी जमा कराई गई थी। खाताधारक के जानकारी के बिना जमा राशि के साथ आरोपी उमेश गोरले द्वारा धोखाधड़ी की गई। पीड़ित परिवार के सदस्य पार्षद अमित छाबड़ा ने इसकी शिकायत पुलिस में करने की कोशिश की गई। किंतु पुलिस द्वारा बैंक के माध्यम से शिकायत करने को कहा गया। इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए श्री छाबड़ा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि उच्च अधिकारियों के समक्ष स्थानीय पुलिस के कार्य प्रणाली की शिकायत की जाएगी।

दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- जुलाई 2025

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4/- | 124/- |
| | योग | 124 /- |

व्यवस्थापक

## नगर पंचायत घुमका के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 14 को

राजनांदगांव (दावा)। छग नगर पालिका अधिनियम के प्रावधान अनुसार नगर पंचायत घुमका के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षित करने की कार्रवाई 14 अगस्त दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्धारित कर व लॉट डालकर की जाएगी। नगर पंचायत घुमका के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई में नागरिक उपस्थित हो सकते है।

# निकहत परवीन ने ली आत्मानंद के विद्यार्थियों की मोटिवेशन क्लास

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जागरुक महिला काउंसलर निकहत परवीन ने शासकीय आत्मानंद सर्वेश्वर दास स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को मोटिवेशन क्लास ली। इस मोटिवेशन क्लास में विद्यार्थियों ने बड़े चाव से भाग लिया और निकहत परवीन द्वारा प्रस्तुत जानकारियों से भलि-भांति परिचित हुए।



बड़े चाव से मोटिवेशन क्लास में भाग लिए विद्यार्थी

बता दें कि सुश्री निकहत ने 9वी एवं 12वी के विद्यार्थियो को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए और कम उम्र में लड़कियों को क्या करना है क्या नहीं का ज्ञानवर्धक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्कूल में बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के अलावा अपना नाम, परिवार एवं स्कूल शिक्षक का नाम रोशन करने की भी समझाइश दी। सुश्री परवीन ने विद्यार्थियों को बताया कि कम उम्र में बहकना अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए बिना बालिग हुए गलत दिशा का चयन नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कैरियर पर ध्यान फोकस करने की बात कही। विद्यार्थी महिला काउंसलर सुश्री परवीन की जागरूकता पूर्ण बातें ध्यान से सुन कर प्रभावित हुए बिना नहीं रहे।

# 3 से प्रारंभ होने वाली जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में होगा




धर्मनगरी की जनता की भावना के अनुरूप सांसद का प्रयास रंग लाया - तरुण हथेल

डोंगरगढ़ (दावा)। सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से धर्मनगरी डोंगरगढ़वासियों को एक और एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात 3 अगस्त को मिलेगी। जबलपुर से रायपुर एवं रायपुर से जबलपुर की ओर चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व में डोंगरगढ़ के लिए नहीं किया गया था। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल द्वारा शहरवासियों की भावना से सांसद संतोष पांडे को अवगत कराया गया। सांसद संतोष पांडे द्वारा इस विषय को त्वरित संज्ञान में लेकर, रेल अधिकारियों से चर्चा कर मजबूती के साथ डोंगरगढ़ का पक्ष रखा गया। तब कही जाकर जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव डोंगरगढ़ में हो पाया। ट्रेन के डोंगरगढ़ में भी रुकने की जानकारी मिलते ही शहर वासियों द्वारा सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त किया गया। सांसद प्रतिनिधि श्री हथेल ने 3 अगस्त को जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के डोंगरगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत करने की बात कही है।

# खंडेलवाल महिला मंडल का श्रावण हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल महिला मंडल ने हाल ही में भगवान मोतीनाथ मंदिर परिसर में श्रावण तीज हरियाली महोत्सव का आयोजन किया। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। मंडल की अध्यक्ष सरला खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार प्रकृति और मातृभूमि से जुड़े हुए हैं। हरियाली तीज का पर्व प्रकृति की सुंदरता को दर्शाता है और महिलाओं के मन में उमंग भरता है। इस अवसर पर सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी हुई थी।

### घेवर और झूले का आनंद

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण पारंपरिक श्रावण झूले थे। जिसका महिलाओं ने खूब आनंद लिया। तीज के इस खास मौके पर सभी ने एक-दूसरे को पारंपरिक मिठाई घेवर खिलाकर मुंह मीठा कराया।

### खेल-प्रश्नोत्तरी से मनोरंजन

उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सहसचिव विनीता खंडेलवाल, प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल और कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से महिलाओं के लिए विभिन्न पुरातन और पारंपरिक खेल आयोजित किए गए। इसके अलावा, पर्यावरण, धार्मिक, पारिवारिक और सामाजिक विषयों पर आधारित मौखिक प्रश्नोत्तरी भी हुई। जिसने उपस्थित सभी महिलाओं का मन मोह लिया।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

इस खास मौके पर सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पर्यावरण मित्र और रक्षक बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों में शारदा खंडेलवाल, शशिप्रभा खंडेलवाल, संतोष खंडेलवाल, उषा खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल और शैल खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। आयोजन को सफल बनाने में संध्या खंडेलवाल, प्रिया खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल और पिंकी खंडेलवाल का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल की प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

# नवागांव, मोतीपुर, तुलसीपुर व लेबर कॉलोनी से निकली महाकाल की भव्य पालकी यात्रा

0 भगवान चंद्रमौलेश्वर ने भक्तों के हरे कष्ट, अपनी प्रजा पर डाली कृपादृष्टि

0 महापौर मधुसूदन ने सपरिवार किया पालकी यात्रा का विशेष श्रृंगार

0 महाकाल पालकी यात्रा में दिया गया दिया धर्म, संस्कृति, देशभक्ति, पर्यावरण, स्वच्छता संदेश



राजनांदगांव (दावा)। सनातनी धार्मिक महत्व के सावन मास में संस्कारधानी में बाबा श्री महाकाल की पालकी यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में धर्मप्रेमी जनता के सानिध्य में किया जा रहा है। आज स्थानीय बजरंगपुर नवागॉव, मोतीपुर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में महाकाल सेना राजनांदगांव के द्वारा बाबा श्री महाकाल की सावन पालकी यात्रा, भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप में पूरे भव्यता के साथ भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली गई। इस पालकी यात्रा को राजनांदगॉव की धर्मप्रेमी जनता एवं शिवभक्तों का अगाध प्रेम, अटूट आस्था एवं अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। पूर्व में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरने वाली इस सावन पालकी यात्रा का आयोजन आज भी बड़े हर्षोल्लास के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में धर्मप्रेमी जनता के सानिध्य में किया गया। शिवभक्तों द्वारा बाबा की पालकी यात्रा का विभिन्न मार्गों पर भव्य स्वागत सत्कार एवं पूजा अर्चना की गई और प्रभू श्री चन्द्रमौलेश्वर ने अपनी पालकी शोभायात्रा में उपस्थित भक्तजनों पर दयादृष्टि डालकर उनके कष्ट हरे और अपनी प्रजा पर कृपादृष्टि डालकर उनको मनवांछित आशीर्वाद प्रदान किया।

बाबा श्री महाकाल चन्द्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में दोपहर 1 बजे स्थानीय बजरंगपुर नवागांव स्थित श्याम रेसीडेंसी के समीप शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। जहां महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र वर्मा, पार्षदगण सावन वर्मा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, संदीप बघेल सहित स्थानीय नेता मनीष जैन, शिव वर्मा, विजय लांजेवार, पवन डागा, राजू डागा आदि पूजा अर्चना पश्चात बाबा की पालकी यात्रा को प्रारंभ किया।

### महापौर ने बाबा की पालकी का किया विशेष श्रृंगार

मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब में गणेशपारा में लोगों ने पालकी का स्वागत किया। मोतीपुर के शीतलापारा में महापौर मधुसूदन यादव ने अपनी पत्नी करूणा यादव, पुत्र रिभय एवं शौर्य सहित बाबा की पालकी का विशेष स्वागत किया और पूजा अर्चना की। उन्होंने बाबा चन्द्रमौलेश्वर की पालकी को शमी वृक्ष, बेल वृक्ष, आंवला वृक्ष की छांव में आसन देकर बाबा को साफे की पगड़ी पहनाकर एवं गुलाब, मखाना की माला पहनाकर प्रभु को प्रिय श्रृंगार अर्पण किया और फल, मिठाई नैवेद्य प्रसाद का भोग लगाया और जयकारा लगाकर प्रभु की पालकी का स्वागत किया। इस दौरान परिजन मदन मन्टू यादव, राजेन्द्र यादव, नीलू यादव, संजय यादव, अजय यादव सहित वार्डवासी एवं ईष्टमित्रगण राजेन्द्र जैन बन्टू अंकित गढ़वाल, प्रकाश साहू, चंदन राजपूत, अनिकेत यादव, करण कोसरे, प्रहलाद, लाला यादव, रोहित यादव, प्रशांत रजक, अंकित बधे, ऋषभमल, धरम यादव, एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ममतानगर क्षेत्र में अशोक चौधरी, ऋषिदेव चौधरी के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा पालकी यात्रा की पूजा अर्चना की गई। ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग में रणविजय प्रताप सिंह, विश्वेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य के द्वारा बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया गया। लेबर कॉलोनी में पार्षद संतोष पिल्ले, नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, शिव श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव एवं वार्डवासियों के द्वारा बाबा की पालकी की पूजा अर्चना की गई। पश्चात बाबा की पालकी तुलसीपुर संगम चौक स्थित शिव मंदिर प्रागंण में विश्राम लिया। जहा आलोक बिंदल, पारस टोपेन्द्र वर्मा, प्रमोद झंझाड़े सहित वार्डवासियों ने हर्षोल्लास के साथ बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया। इन वार्डो के वार्डवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता में बाबा की पालकी यात्रा को लेकर भारी उत्साह एवं हर्ष का माहौल दिखा। महाकाल प्रभु की शोभा यात्रा में उपस्थित भक्तों ने हाथों में बैनर पोस्टर एवं तख्तियॉ लेकर धर्म, संस्कृति, देशभक्ति, पर्यावरण, स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। संस्कारधानी के शिवभक्तों एवं धर्मावलम्बीजनों ने बाबा महाकाल की पावन पालकी यात्रा में सपरिवार उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# बिरेझर में पेड़ों की कटाई की शिकायत पर वन विभाग के अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। समाचार पत्र में प्रकाशित फैक्ट्री के लिए वृंदा प्राइवेट कंपनी ने की दो दर्जन से ज्यादा पेड़ों की कटाई, ग्रामीण नाराज, प्रशासन से होगी शिकायत खबर भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बिरेझर में खबर में उल्लेखित स्थल का निरीक्षण किया गया तथा पंचों की उपस्थिति में प्रतिवेदन एवं पंचनामा बनाया गया। प्रतिवेदन के अनुसार केवल 6 पेड़ों को चिन्हित किया गया था। वृंदा इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगाव को पत्र लिखकर पेड़ों को हटाने या स्थानांतरित करने हेतु निवेदन किया गया था। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बीरेझर को औद्योगिक इकाई स्थापना हेतु एनओसी के लिए लिखित रूप से निवेदन किया गया है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com